वर्ष : 26 | अंक : 18 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 08 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

चेतना मंच

दलित विरोधी है सपा : मायावती

गेस्ट हाउस कांड को फिर किया याद

लखनऊ (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी पर एक बार फिर तीखा हमला बोलते हुए गठबंधन की सभी संभावनाओं को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी दलित विरोधी है। मायावती ने इसे लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर कई पोस्ट किए और कहा, 'सपा अति-पिछड़ों के साथ-साथ जबरदस्त दलित-विरोधी पार्टी भी है, हालाँकि बीएसपी ने पिछले लोकसभा आमचुनाव में सपा से गठबन्धन करके इनके दलित-विरोधी चाल, चरित्र व चेहरे को थोड़ा बदलने का प्रयास किया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

बिलकिस बानो केस में सुप्रीम फैसला

11 दोषियों की सजा में छूट रद्द

गुजरात सरकार को झटका, दो हफ्ते में करना होगा सरेंडर

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में गुजरात के बिलकिस बानो मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले और 2002 के गुजरात दंगों के दौरान उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के 11 दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दोषियों को समय से पहले रिहा करने के आदेश को निरस्त कर दिया है। 11 दोषियों की समय से पहले रिहाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। 11 दोषियों को दो हफ्ते में सरेंडर करना होगा।

आज याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सभी दोषियों की सजा में मिली छूट को रद्द कर दिया। गुजरात सरकार ने पिछले साल मामले में 11 दोषियों को रिहा किया था। अब कोर्ट के फैसले के बाद सभी 11 दोषियों को वापस जेल जाना होगा। गुजरात सरकार के लिए यह बड़ा झटका है।

न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 11 दिन की सुनवाई के बाद दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर पिछले साल 12 अक्टूबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए केंद्र और गुजरात सरकार को 16 अक्टूबर तक 11 दोषियों की सजा में छूट संबंधी मूल रिकॉर्ड जमा करने का निर्देश दिया था। अदालत ने पिछले साल सितंबर में मामले की सुनवाई करते हुए पूछा था कि क्या दोषियों को माफी मांगने का मौलिक अधिकार है।

शीर्ष अदालत ने पहले की सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार से कहा था कि राज्य सरकारों को दोषियों को सजा में छूट देने में ''चयनात्मक रवैया'' (शेष पृष्ठ-4 पर)

श्रीराम मंदिर में लगने वाले घंटे की निकाली शोभा-यात्रा

एटा में बना 2400 किलोग्राम का घंटा

एटा (एजेंसी)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश राममय है। तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। इस बीच राम मंदिर में लगने वाले भारी भरकम घंटे को भी तैयार कर लिया गया है। एटा से अयोध्याधाम जाने वाला घंटा बनकर तैयार हो गया है। सोमवार को शहर में इसकी शोभायात्रा निकाली गई। इसमें केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बंघेल और भाजपा नेताओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

शोभायात्रा में श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। जिले कि निशानी अयोध्याधाम में स्थापित होने पर पूरे जिले को खुशी है। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके लेकर देशभर में उल्लास है। श्रीराम के इस भव्य मंदिर में उत्तर प्रदेश के एटा की पहचान भी दिखेगी। मंदिर में स्थापित करने के लिए एटा जिले के जलेसर में 2400 किलोग्राम वजन का अष्टधातु का घंटा तैयार किया गया है जो राम मंदिर में लगाया जाएगा।

कांच की सतह पर 300 पंक्तियों में उकेरी श्रीरामचरित मानस

हापुड़ (एजेंसी)। अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर हैं। इस सबके बीच हापुड़ के एक प्रोफेसर ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए रामचरित मानस महाकाव्य को कांच की सतह पर उकेर डाला है। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में रहने वाले श्री शांति स्वरूप कृषि इंटर कॉलेज के प्रोफेसर अजय कुमार मित्तल ने एक इतिहास रच दिया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

सुपरटेक के निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना रबूपुरा क्षेत्र में बन रही सुपरटेक कंपनी की निर्माणाधीन इमारत की 13वीं मंजिल से गिरकर राजमिस्त्री की मौत हो गई। राजमिस्त्री की मौत के बाद परिजन ने ठेकेदार व सुपरटेक कंपनी के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना रघुपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम निलोनी निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वह और उसका भाई सुरेश चंद रबूपुरा क्षेत्र के सेक्टर-22 डी में बन रही सुपरटेक बिल्डिंग गोल्फ कंट्री राजमिस्त्री का काम करता था। 7 जनवरी को सुरेश सी वन टावर के 13वें फ्लोर पर काम कर रहा था। इस दौरान सुपरटेक कंपनी के कर्मचारियों ने जल्दी-जल्दी काम करने का दवाब बनाना शुरू कर दिया। सुरेश चंद जिस शाफ्ट में काम कर रहा था वहां ग्रिल को सही तरीके से नहीं लगाया गया था। इस कारण उसका भाई अचानक 13वीं मंजिल से नीचे आ गिरा। सुरेश को गंभीर स्थिति में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया। रमेश कुमार के मुताबिक कंस्ट्रक्शन साइट पर कंपनी के सुपरविजन स्टाफ ने मजदूरों को कोई भी सेफ्टी बेल्ट हेलमेट आदि नहीं दे रखे थे। इसके अलावा कंस्ट्रक्शन साइट पर सुरक्षा जाल भी नहीं लगवाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करा रहे साइन दीप कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक बीसी गुप्ता एवं सुपरटेक कंपनी के अधिकारी तथा कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से उसके भाई की मौत हुई है।

पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और लापरवाह दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

क्रिकेट की पिच पर निकला खिलाड़ी का दम

36 साल के इंजीनियर की हुई मौत, पूर्व में हुआ था कोविड

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर 135 में क्रिकेट ग्राउंड पर मैच खेलने के दौरान रन लेने के लिए भाग रहा इंजीनियर अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। साथी खिलाड़ी उसे उपचार के लिए जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकत्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि संभवत हार्ट अटैक की वजह से इंजीनियर की मौत हुई है।

मूल रूप से उत्तराखंड निवासी 36 वर्षीय विकास पुत्र सत्येंद् नोएडा की एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। रविवार को वह अपने साथियों के साथ सेक्टर 135 के क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट मैच खेल रहा था। इस दौरान रन लेते समय वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। साथी खिलाड़ी उसे तुरंत नजदीक के जे पी अस्पताल लेकर पहुंचे। परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया चिकित्सकों ने आशंका जताई कि संभवत हार्ट अटैक की वजह से उसकी मौत हुई है।

थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। खेलते समय विकास की आकस्मिक मौत से उसके परिजन व साथी हैरान है। परिजनों बताया कि पूर्व में विकास को कोविड हुआ था जिसके बाद वह कमजोर हो गया था।

खंभे से टकराई बाइक चालक ने तोड़ा दम

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गांव के पास 130 मीटर रोड पर तेज गति में आ रहा बाइक सवार संतुलन खो बैठा। अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खंभे से जा टकराई इस हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस को सूचना मिली थी तिलपता गांव के पास 130 मी रोड पर एक बाइक सवार युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस तुरंत घायल को अस्पताल लेकर पहुंची। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई (शेष पृष्ठ-4 पर)

सिक्योरिटी गार्ड सहित दो लोग छत से गिरकर मरे

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग स्थान पर सिक्योरिटी गार्ड सहित दो लोगों की छत से गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना ईकोटेक तीन प्रभारी सरिता सिंह ने बताया कि ग्राम सैनी निवासी (52 वर्षीय) भूप सिंह आम्रपाली सफारी सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। बीती रात्रि वह चौथी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका पुत्र संदीप उन्हें गंभीर स्थिति में यथार्थ अस्पताल लेकर पहुंचा और उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया। उपचार के दौरान भूप सिंह की मौत हो गई। (शेष पृष्ठ-4 पर)

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा में बड़ी चूक, 300 मीटर फेंसिंग चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी क्षेत्र के बील अकबरपुर गांव के पास चोरों ने ईस्टर्न पेरिफेरल पर सुरक्षा के लिए लगाई गई करीब 300 मीटर चैन लिंक फेंसिंग को चोरी कर लिया। चोरी की गई चैन लिंक फेंसिंग की कीमत लाखों रुपए है। इस संबंध में एनसीआर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के तहत कार्य करने वाली संस्था के मैनेजर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

एजिस रोड ऑपरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कॉरिडोर एवं इंसिडेंट मैनेजर उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास अनुरक्षण एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंप गई थी। इस जिम्मेदारी के तहत एनसीआर में स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से यहां विभिन्न स्थानों पर टोल प्लाजा इंटरचेंज यात्रा सहायता चौकी चिकित्सा सहायता चौकी शौचालय मार्ग प्रकाश जैसी सार्वजनिक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उनकी कंपनी द्वारा ईस्टर्न पेरिफेरल पर विभिन्न सुविधाओं को उपलब्ध कराने के साथ-साथ यहां की देखने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते 12 दिसंबर को उनके गश्ती दल को जानकारी मिली कि गांव बील अकबरपुर के पास बरहमपुर (शेष पृष्ठ-4 पर)

हर घर नल से जल योजना के लिए लाए पाइप हुए चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल योजना के तहत पानी का कनेक्शन करवाने के लिए कार्य कर रही कंपनी की साइड से चोरों ने लोहे के पाइप चोरी कर लिए। इस संबंध में कंपनी के इंचार्ज ने थाना दादरी में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

मूल रूप से सूरत गुजरात के रहने वाले दिव्येश काकड़िया ने बताया कि वह एलसी इंफ्रा कंपनी में प्रोजेक्ट इंचार्ज के रूप में कार्यरत हैं। उनकी कंपनी जल जीवन मिशन में हर घर नल से जल योजना के तहत पानी कनेक्शन करवाने के लिए कार्य कर रही है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर अवैध कब्जा करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ थाना फेस 3 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि आरोपी प्राधिकरण की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-5 के अवर अभियंता नवीन कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बसई गांव में नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर सोनू धर्मवीर यादव अंकित यादव अवैध कब्जा करने का पिछले काफी समय से प्रयास कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

फोनरवा चुनाव में योगेन्द्र शर्मा ने लगाई हैट्रिक, समूचा पैनल विजयी

नोएडा (अरुण सिन्हा)। फोनरवा के चुनाव को लेकर लम्बी जददोजहद तथा आरोप-प्रत्यारोपों के बाद अंततः योगेन्द्र शर्मा तीसरी बार हैट्रिक लगाने में कामयाब रहे। योगन्द्र शर्मा-के.के. जैन के समूचे पैनल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर अपनी कुशल रणनीति तथा चुनावी प्रबंधन का तीसरी बार परचम लहरा दिया। इस चुनाव में योगेन्द्र शर्मा पैनल के सभी 21 प्रत्याशियों ने सम्माजनक जीत दर्ज की।

इस मौके पर फोनरवा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, महासचिव के.के. जैन ने तीसरी बार विश्वास जताने पर मतदाताओं तथा शहरवासियों का आभार जताया। उन्होंने वादा किया कि वे घोषणा-पत्र के मुताबिक हर कार्य पूरा कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

चुनाव परिणाम

योगेन्द्र शर्मा-के.के. जैन पैनल		राजीव गर्ग- सुखदेव शर्मा पैनल	
अध्यक्ष			
अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा	155	राजीव गर्ग	66
महासचिव के.के. जैन	130	सुखदेव शर्मा	84
कोषाध्यक्ष पवन यादव	143	ओमवीर बंसल	75
वरिष्ठ उपाध्यक्ष			
अशोक कुमार मिश्रा	151	जेपी उप्पल	95
सुशील यादव	122	अनिल कुमार	89
देवेन्द्र सिंह चौहान	122	ओपी यादव-	83
विजय भाटी	115	विजय कुमार राणा	71
उपाध्यक्ष			
अशोक शर्मा	141	के.एल. अवाना	67
प्रदीप वोहरा	144	पुष्पा शाह	74
लाट साहब लोहिया	145	रामेश्वर यादव	89
संजय चौहान	136	विद्या सागर विरमानी	60
सचिव			
विनोद शर्मा	132	अनीता	76
सुखबीर	124	जगदीश यादव	85
देवेन्द्र सिंह	142	अनिल कुमार चौहान	77
जीएस सचदेवा	130	सुभाष चौहान	90
संयुक्त सचिव			
सुशील शर्मा	137	गौरव यादव	91
कोशिंदर यादव	149	नरोत्तम शर्मा	89
हदेश कुमार गुप्ता	129	हीरा लाल गुप्ता	65
राजेश सिंह	122	दिंगबर नौटियाल	62
संयुक्त कोषाध्यक्ष			
भूषण शर्मा	137	पुनीत शुक्ला	84
सचिव कानून			
उमाशंकर शर्मा	144	लक्ष्मी नारायण	70

अध्यक्ष के बाद सर्वाधिक वोट वरि. उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा को

महासचिव प्रत्याशी राजीव चौधरी को मात्र 6 वोट

नोएडा। फोनरवा चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेन्द्र शर्मा को सर्वाधिक 155 वोट मिले। इसके बाद इसी पैनल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के प्रत्याशी अशोक मिश्रा को सर्वाधिक यानि 151 वोट मिले। अशोक मिश्रा इसके पूर्व योगन्द्र शर्मा की कार्यकारिणी में दो बार के कार्यकाल में कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। इस चुनाव में सर्वाधिक कम वोट निर्दलीय महासचिव के प्रत्याशी राजीव चौधरी को मिले। उन्हें मात्र 6 वोट ही मिले। जबकि योगेन्द्र शर्मा पैनल के महासचिव प्रत्याशी के.के. जैन को 130 तथा राजीव गर्ग पैनल के सुखदेव शर्मा को 84 वोट मिले।

मतदान व मतगणना स्थल पर प्रतिबंध रहे मोबाइल !

नोएडा। चुनाव के दौरान मतदान तथा मतगणना स्थल पर पूरी तरीके से मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगा रहा। इस चुनाव के लिए नियुक्त किए गए चुनाव अधिकारी तथा समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न करने के लिए उसकी सराहना की जा रही है। उनके सख्त निर्देश के बाद मतगणना केंद्र तथा मतदान स्थल पर मोबाइल फोन पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहे। मालूम हो कि **'चेतना मंच'** ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर को बाद प्रशासन तथा चुनाव अधिकारी ने मोबाइल फोन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI | Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

खरीद नीति

एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और सरकार की खरीद नीति का विश्लेषण जरूरी हो गया है, क्योंकि इन दोनों से, एक हद तक, कुछ खास फसलों को ही फायदा है। ये नीतियां बाजार में विकृतियां पैदा कर रही हैं। तेल के बीज और दालों के किसानों को दो स्तरों पर नीतिगत भेदभाव झेलना पड़ रहा है। उनके एमएसपी कागजों पर ही लिखे हैं, जबकि धान, गेहूं और गन्ने के साथ ऐसा नहीं है। इन फसलों को या तो सरकार प्रत्यक्ष तौर पर खरीदती है अथवा गन्ने के लिए चीनी मिलों को भुगतान करने को बाध्य करती है। राजस्थान में सरसों करीब 5000 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बेचा जा रहा है और महाराष्ट्र में चने के दाम 4700 रुपए प्रति क्विंटल हैं। नीतिगत भेदभाव यह है कि सरसों का एमएसपी 5650 रुपए और चने का 5440 रुपए प्रति क्विंटल है। किसानों के लिए गारंटीशुदा एमएसपी और फसलों के घोषित मूल्य पर उनकी खरीद के दोनों मुद्दे अनंत और प्राचीन लगते हैं, क्योंकि बीते 50 साल में किसी भी सरकार ने इनके नीतिगत समाधान की सार्थक कोशिश नहीं की है। मौजूदा सरकार से अंतिम अपेक्षा इसलिए है, क्योंकि लोकसभा चुनाव मात्र तीन माह दूर ही हैं। किसान आंदोलन जब खत्म हुआ था, तब सरकार ने एक विशेष समिति का गठन किया था। उसमें कुछ कथित किसानों को भी रखा गया था। एमएसपी के मुद्दे पर उसने क्या विमर्श किया और किस बिंदु तक पहुंची है, इसका कोई भी खुलासा देश के सामने नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन चार महत्वपूर्ण जातीय वर्गों की घोषणा की थी, किसान उनमें एक हैं। भारत सरकार के विज्ञापन आजकल खूब प्रसारित कराए जा रहे हैं कि कितने करोड़ किसानों को 'सम्मान राशि' के तौर पर कितने लाख करोड़ रुपए आवंटित किए जा चुके हैं। जिन फसलों का आज हम उल्लेख कर रहे हैं, वे खेतों में हैं और दो माह की अवधि में ही उन्हें बाजार में बेचना अनिवार्य है। दूसरा बिंदु आयात का है। गेहूं, मिलों के चावल और चीनी की आयात-दरें बहुत ज्यादा हैं। सोयाबीन और सूरजमुखी सरीखे खाद्य-तेलों की आयात-दर शून्य है। ऐसा ही अधिकतर दालों के संदर्भ में है। गेहूं और धान के उत्पादन में भारत विश्व के अग्रणी देशों में है। चीनी उत्पादन में भी हम विश्व में दूसरे स्थान पर हैं। यदि सरकार फसलों के एमएसपी को कानूनन सुनिश्चित करा दे और एमएसपी पर खरीद के दायरे में अधिक किसान और 23 से अधिक फसलें लाई जाएं, तो किसानों की आमदनी का मुद्दा बहुत हद तक हल किया जा सकता है। किसान इतना कर्जदार भी नहीं रहेगा। अब भी किसान पर औसतन कर्ज करीब 75,000 रुपए का है, जबकि केंद्र और राज्य सरकारें कर्ज माफी के दावे करती रही हैं। बहरहाल कृषि का इतना परिदृश्य जरूर बदला है कि दालों का आयात काफी कम हुआ है, लेकिन खाद्य-तेलों का आयात बढ़ाना पड़ा है। चूंकि मोदी सरकार ने फसल उत्पादक समर्थक से उपभोक्ता समर्थक की नीति बदली है, नतीजतन आयात फिर बढ़ता दिख रहा है। विभिन्न सरकारी विभाग एमएसपी और खरीद नीति को लेकर अपनी चिंताएं और सरोकार जताते रहते हैं, लेकिन यह वाकई आश्चर्यजनक है कि एमएसपी आज तक तय क्यों नहीं किया जा सका।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उसका जल शीतल, निर्मल और मीठा है, उसमें रंग-बिरंगे बहुत से कमल खिले हुए हैं, हंसगण मधुर स्वर से बोल रहे हैं और भौंरे सुंदर गुंजार कर रहे हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

तेहिं गिरि रुचिर बसइ खग सोई। तासु नास कल्पांत न होई॥
माया कृत गुन दोष अनेका। मोह मनोज आदि अबिबेका॥

उस सुंदर पर्वत पर वही पक्षी (काकभुशुण्डि) बसता है। उसका नाश कल्प के अंत में भी नहीं होता। मायारचित अनेकों गुण-दोष, मोह, काम आदि अविवेक,॥

रहे ब्यापि समस्त जग माहीं। तेहि गिरि निकट कबहुँ नहिं जाहीं॥
तहँ बसि हरिहि भजइ जिमि कागा। सो सुनु उमा सहित अनुरागा॥

जो सारे जगत में छा रहे हैं, उस पर्वत के पास भी कभी नहीं फटकते। वहाँ बसकर जिस प्रकार वह काग हरि को भजता है, हे उमा! उसे प्रेम सहित सुनो॥

पीपर तरु तर ध्यान सो धरई। जाप जग्य पाकरि तर करई॥
अँब छाँह कर मानस पूजा। तजि हरि भजनु काजु नहिं दूजा॥

वह पीपल के वृक्ष के नीछे ध्यान धरता है। पाकर के नीचे जपयज्ञ करता है। आम की छाया में मानसिक पूजा करता है। श्री हरि के भजन को छोड़कर उसे दूसरा कोई काम नहीं है॥

बर तर कह हरि कथा प्रसंगा। आवहिं सुनहिं अनेक बिहंगा॥
राम चरित बिचित्र बिधि नाना। प्रेम सहित कर सादर गाना॥

बरगद के नीचे वह श्री हरि की कथाओं के प्रसंग कहता है। वहाँ अनेकों पक्षी आते और कथा सुनते हैं। वह विचित्र रामचरित्र को अनेकों प्रकार से प्रेम सहित आदरपूर्वक गान करता है॥

सुनहिं सकल मति बिमल मराला। बसहिं निरंतर जे तेहिं ताला॥
जब मैं जाइ सो कौतुक देखा। उर उपजा आनंद बिसेषा॥

सब निर्मल बुद्धि वाले हंस, जो सदा उस तालाब पर बसते हैं, उसे सुनते हैं। जब मैंने वहाँ जाकर यह कौतुक (दृश्य) देखा, तब मेरे हृदय में विशेष आनंद उत्पन्न हुआ॥

क्रमशः

राजभर का दबाव कहीं काम न बिगाड दे

उत्तर प्रदेश में बीजेपी सरकार के गठबंधन का हिस्सा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी हमेशा सुर्खियां बटोरती रहती है। यह सुर्खियां खासकर इस बात को लेकर बनती हैं कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर योगी मत्रिमंडल का कब हिस्सा बनेंगे? इसको लेकर लम्बे समय से अटकले भी लग रही हैं, लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सपा छोड़कर भाजपा में आये दारा सिंह चौहान के मंत्री बनने की तमन्ना पूरी नहीं हो पा रही है। मंत्री बनने के लिए राजभर कुछ ज्यादा बेचैन दिख रहे हैं। योगी से कई बार मुलाकात के बाद भी जब राजभर के मंत्री बनने की राह नहीं खुली तो उन्होंने दिल्ली के दरबार में दस्तक देना शुरू कर दिया है। गत दिवस राजभर ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुलाकात की है। राजभर और शाह के बीच हुई मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है। राजभर इससे पहले सीएम योगी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर चुके हैं।

सूत्र बताते हैं कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से राजभर की मुलाकात के दौरान यूपी मंत्रीमंडल विस्तार, लोकसभा चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मुलाकात के बाद राजभर के योगी मंत्रिमंडल में शामिल होने की चर्चाओं ने फिर तूल पकड़ लिया है। सुभासपा की ओर से दावा किया जा रहा है कि खरमास खत्म होते ही योगी मंत्रिमंडल विस्तार किया जा सकता है जिसमें राजभर और दारा सिंह चौहान मंत्री पद हासिल कर सकते हैं।

उधर, ओपी राजभर ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने भी खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। राजभर ने कहा कि हमने अमित शाह जी से पूछा था कि मंत्रिमंडल विस्तार में इतना विलंब क्यों हो रहा है तो उन्होंने खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। अभी मंत्रिमंडल विस्तार की फाइनल तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन खरमास के बाद किसी भी समय विस्तार की घोषणा हो सकती है। मीडिया से बात करते हुए राजभर ने यह भी कहा कि सिर्फ वह ही मंत्री नहीं बनेंगे, अन्य लोग भी मंत्री बनाए जा सकते हैं। हालांकि

ओपी राजभर ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने भी खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। राजभर ने कहा कि हमने अमित शाह जी से पूछा था कि मंत्रिमंडल विस्तार में इतना विलंब क्यों हो रहा है तो उन्होंने खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है।

अन्य लोगों में से किसी का खुलकर नाम उन्होंने नहीं बताया।

राजभर ने गृहमंत्री से मुलाकात की दो फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है जिसमें उन्होंने लिखा है कि नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से नए साल पर आत्मीय मुलाकात हुई है। इस बैठक में यूपी, बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए प्रस्ताव जल्द से जल्द यूपी सरकार से केंद्र सरकार को भेजे जाने पर भी चर्चा हुई है।

राजभर ने अपनी पोस्ट के जरिये बताया कि बंजारा जाति की सामाजिक समस्याओं व गोंड, ख़रवार जाति के जातिप्रमाण पत्र के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही वंचित और शोषित वर्गों के हितों से जुड़े अहम विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई है। बहरहाल, ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान की स्थिति ठीक वैसे ही हो गई है जैसी योगी के पहले कार्यकाल में मौजूदा ऊर्जा और नगर विकास मंत्री एके शर्मा की हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफी करीबी माने जाने वाले एके शर्मा को जब गुजरात से यूपी लाकर चुनाव लड़ाया गया था तो यहां तक चर्चा चल पड़ी थी कि योगी सरकार के ऊपर मोदी ने एके शर्मा के रूप में 'पहरेदार' बैठा दिया है। शर्मा को योगी मत्रिमंडल में बड़ा विभाग मिलने की भी खूब चर्चा हुई लेकिन योगी ने शर्मा को अंत तक मंत्री पद की शपथ नहीं दिलाई थी जबकि उनके ऊपर दिल्ली का काफी दबाव था। ऐसे में अब राजभर का दिल्ली दरबार वाला दबाव योगी पर कितना चल पायेगा, यह कहना मुश्किल है। राजभर की इस हिमाकत के चलते यदि राजभर से मंत्री पद की कुर्सी और दूर चली जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

-अजय कुमार

खेलों में राजनीति खेल और खिलाड़ी दोनों के लिए चिंताजनक

खेल संघों पर राजनेता नहीं, खेल प्रतिभाओं को विराजमान करना चाहिए। इन संस्थाओं में पदाधिकारियों का कार्यकाल भी निश्चित होना चाहिए एवं एक टर्म से ज्यादा किसी को भी पद-भार नहीं दिया जाना चाहिए। सरकार की बंदिशों के बावजूद अधिकांश खेल संघों पर राजनेताओं का कब्जा है। इनमें बड़ा भ्रष्टाचार व्याप्त है, जो वास्तविक खेल प्रतिभाओं को आगे नहीं आने देती। यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न फेडरेशनों के अंदर कारगर तंत्र बनाने पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए। सरकार का यह कर्तव्य है कि खिलाड़ियों को सुरक्षित व प्रगतिपूर्ण वातावरण प्रदान किया जाए। इससे खिलाड़ी अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकेंगे। इसलिए खेल को सियासत के कुचक्र में न फंसाकर राष्ट्र हित में योगदान देना चाहिए। विवादित मुद्दे का राष्ट्र हित और खिलाड़ियों के हक में समाधान किया जाना चाहिए। हमारा प्रयास खिलाड़ियों के लिए अच्छा वातावरण मुहैया करवाना चाहिए।

कुश्ती को लेकर मचे बवाल के बीच खिलाड़ी भी सियासी रंग में रंगे नजर आने लगे हैं। यह खेल और खिलाड़ी दोनों के भविष्य के लिए चिंताजनक है। खेलों में सियासत ठीक नहीं है। खेलों में पक्ष-विपक्ष की राजनीति खेल और खिलाड़ी दोनों के लिए चिंताजनक है। खेलों में राजनीति गलत है। खेल साफ, स्वच्छ और पारदर्शी होने चाहिए।वर्तमान कुश्ती संघ और सियासती विवाद से दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती को सियासत ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर महिला पहलवानों के आरोप लगने के बाद से ही सरकार को उन्हें हटा देना चाहिए था, किंतु सियासत के चलते ऐसा नही हुआ। यह खेलों पर एक बदनुमा दाग, शर्म का विषय और त्रासदी है। देश के जो खिलाड़ी विदेशी सरजमीं पर तिरंगे का मान बढ़ाते आए उन्हें अपने अधिकारों के लिए जंतर- मंतर पर धरना देना पड़ रहा है। क्या ऐसे देश खेलों में आगे बढ़ेगा? देश को मेडल दिलाने वाले इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं।

पहलवान कुश्ती महासंघ से दो-दो हाथ करने उतरे हैं। आखिर इस खेल और सियासी लड़ाई का अंजाम क्या होगा? किसकी सरकार है या किसकी थी, ये मुद्दा नहीं है। सवाल ये है कि क्या महिला खिलाडियों के साथ यौन शोषण होता है? या फिर ये सियासती मामला है। मुद्दा महिला खिलाड़ियों की सम्मान एवं मानसिक, शारीरिक सुरक्षा का है। अगर कुश्ती में बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई तो महिला खिलाड़ियों में हर खेल के प्रति रुझान खत्म हो जायेगा। उनका मनोबल गिर जायेगा। महिलाओं की खेलों में भागीदारी कम हो जायेगी। देश की प्रतिष्ठा और महिला खिलाड़ियों की अस्मिता का सवाल है। क्या राजनीति के चलते दम तोड जाती है प्रतिभाएं? खेलों में राजनीति के सक्रिय होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को दबाया जाता है। खिलाड़ी हमेशा खेल अधिकारियों के दवाब में रहते है। खेलों में मेहनत करने वालों की प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं और आवाज़ उठाने पर ख़त्म कर दिया जाता है। इसका दुष्परिणाम यह है कि आज अभिभावक कुश्ती या अन्य खेल में अपनी बेटी का भेजते कई बार सोचेंगे।

देश में अभिभाववक पहले ही अपनी बेटी की सुरक्षा और सम्मान को लेकर चिंतित रहते हैं, इस प्रकरण ने उनकी चिंता और बढ़ायी है। अब वे बेटी को खेल विशेषकर कुश्ती में भेजतेहज़ार बार सोंचेंगे। हाल ही में सरकार ने नए चुनाव का भले ही रद्द कर दिया हो किंतु लंबे समय से कुश्ती संघ में दबदबा कायम रखें राजनीतिज्ञ चुप बैठने वाले नहीं हैं। वे सरकार के इस निर्णय के विरूद्ध कोर्ट जांएगे। इनका प्रयास होगा कि कुश्ती संघ की सियासत उनके हाथ से न जा पाए। भले ही सरकार ने नए चुनाव को रद्द करके यह संदेश देने का प्रयास किया है कि कुश्ती संघ को नियमों का पालन करना होगा। लेकिन खेल संघ से राजनैतिक लोगों को दूर रखने के लिए सरकार को काम करना चाहिए। खिलाड़ी भी यदि राजनीति में आ जाए तो उसे भी खेल संघ से बाहर ही रखा जाना चाहिए। सुप्रीम कार्ट भी खेल संघों में राजनैतिक दखल को लेकर चिंता जता चुका है और इसे कटाई जायज़ नहीं ठहराता। खेलों में सियासत का सकारात्मक प्रभाव समाज में एकात्मकता और सामाजिक समर्थन की भावना लेकर आता है और खिलाड़ियों को एक सकारात्मक पहचान बनाए रखने में मदद करता है वही इस बात की अनदेखी भी की नहीं की जा सकती कि कई बार अमुक खिलाड़ी को मनचाहे स्थान पर पहुंचाने के लिए सियासी दबाव और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है।

सियासी हस्तक्षेप नेताओं के बीच जातिवाद धर्मनिरपेक्षता राजनीतिक असंतुलन लता है और खेलों को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में सियासी दलों ने कुश्ती को अपने निजी लाभ के लिए उपयोग करने का दुष्प्रयास किया है जिससे खिलाड़ियों और खेल समर्थको को काफी बड़ा नुकसान हुआ है। सियासत का प्रयोग खेल और खिलाड़ियों के विकास में किया जाना चाहिए। निजी लाभ और निजी प्रकरणों का समायोजन खेल भावना से दूर होना चाहिए। ताकि वह खेल देश को गौरवान्वित करें और करता रहे। खेलों को सियासी बनाने वाले मुद्दे आमतौर से विवादास्पद हो रहे हैं। सियासत की दखलंदाजी से खेल में समझौते,रैगिंग जैसे संभावनाएं बड़ी है जिसका खामियाजा खिलाड़ियों को भुगतना पड़ता है। अब नौबत यहां तक आ गई है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल फेंकने तक का काम करना पड़ रहा है। खेल संघों में खिलाडी होने चाहिए। वे खेल और खिलाड़ी को ज्यादा समझते हैं। राजनेता नहीं। सियासत के चलते बेपटरी हुए कुश्ती संघ को पटरी पर लाने उसमें खिलाडियों और पहलवानों का विश्वास जमाने को बहुत कुछ करना होगा।

संघ में खिलाड़ी लाने होंगे। शुभ संकेत होगा कि कुश्ती संघ की गरिमा बचाने और बेटी की सुरक्षा की चिंता करते परिवारजनों को आश्वास्त करने के लिए कुश्ती संघ का अध्यक्ष किसी महिला खिलाड़ी को बनाए। ऐसे संघों पर राजनेता नहीं, खेल प्रतिभाओं को विराजमान करना चाहिए। इन संस्थाओं में पदाधिकारियों का कार्यकाल भी निश्चित होना चाहिए एवं एक टर्म से ज्यादा किसी को भी पद-भार नहीं दिया जाना चाहिए। सरकार की बंदिशों के बावजूद अधिकांश खेल संघों पर राजनेताओं का कब्जा है। इनमें बड़ा भ्रष्टाचार व्याप्त है, जो वास्तविक खेल प्रतिभाओं को आगे नहीं आने देती। यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न फेडरेशनों के अंदर कारगर तंत्र बनाने पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए। सरकार का यह कर्तव्य है कि खिलाड़ियों को सुरक्षित व प्रगतिपूर्ण वातावरण प्रदान किया जाए। इससे खिलाड़ी अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकेंगे। इसलिए खेल को सियासत के कुचक्र में न फंसाकर राष्ट्र हित में योगदान देना चाहिए। विवादित मुद्दे का राष्ट्र हित और खिलाड़ियों के हक में समाधान किया जाना चाहिए। हमारा प्रयास खिलाड़ियों के लिए अच्छा वातावरण मुहैया करवाना चाहिए।

-डॉ. सत्यवान सौरभ

राशिफल

पौष कृष्ण-द्वादशी | **(विक्रम संवत् 2080)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में नरम गरम। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
धन का आवक बढ़ेगा। निवेश करने से बचें। अपनों से तूतू-मैंमैं से बचें। स्वास्थ्य नरम गरम।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)
ऊर्जा का संचार होगा। सेहत में सुधार होगा। प्रेम व संतान की स्थिति बहुत अच्छी है।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
ऊर्जा का स्तर घटेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति पहले से बेहतर है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा सहयोग से लाभप्रद रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा है।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
लग्नेश वक्री हैं। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापारिक रूप से अच्छा समय कहा जाएगा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
परिस्थितियां प्रतिकूल है। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार भी अच्छी स्थिति में दिख रहा है।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। चली आ रही परेशानी दूर होगी। आनंदमय जीवन गुजारेंगे।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी।

मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, गा, गी)
स्वास्थ्य नरम गरम। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार भी अच्छा दिख रहा है। हरी वस्तु पास रखें।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा। संतान पक्ष में ध्यान देने की आवश्यकता है।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा है।

झुपा पहुंची संकल्प यात्रा

जेवर (चेतना मंच)। जेवर मंडल के जेवर खादर गांव एवं झुपा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर एवं जेवर के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह एवं पीएमओ से आए संयुक्त सचिव भारत सरकार रोहित यादव मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने कहा कि आयुष्मान एवं उज्जवला से गरीबों के घर में एक खुशहाली आई है। पहले गांव में लोग कर्जा लेकर इलाज कराते थे। लेकिन अब आयुष्मान कार्ड की योजना से 500000 तक का फ्री इलाज हो रहा है। पहले माता बहनों की आंखें खराब हो जाती थी। चूल्हे पर खाना बनाने से अनेक प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो जाती थी। लेकिन उज्वला के माध्यम से उसको बीमारी ना लगे ऐसी उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस सिलेंडर हमारी मोदी सरकार ने गरीब लोगों को वितरित किये है।

दो अधिकारी आपस में उलझे बिजली चोरी चरम पर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। क्षेत्र के कई गांव में एनपीसीएल द्वारा की जा रही विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह से जहां फेल होती रही है। वहीं बिजली चोरी करने वालों के भी खूब बल्ले बल्ले हो रही है। अभी दो दिन पूर्व एनपीसीएल ने सूरजपुर सहित आधा दर्जन गांवों में छापेमारी कर 47 लख रुपए की बिजली चोरी पकड़ा था। एनपीसीएल विभाग में तैनात दो अधिकारियों की आपसी में झगड़े का फायदा बिजली चोरी करने वालों को खूब ले रहे हैं।

बताते चलें कि एनपीसीएल विभाग में तैनात दो बड़े अफसर काफी समय से आपस में उलझे हुए हैं। इस बात की चर्चा ग्रेटर नोएडा ही नहीं लखनऊ तक पहुंची है। आखिर जब एनपीसीएल के अधिकारी विद्युत चोरी रोकने के लिए अभियान चलाते हैं तो हर रोज 50 से 60 लाख की बिजली चोरी का मामला क्यों पकड़ा जाता है यह समझ से परे है। एक तरफ जहां अधिकारी विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाते हैं। वहीं उन्हें के कर्मचारी एवं सुपरवाइजर अपनी जेब भरने के लिए बिजली चोरी करवाने का काम कर रहे हैं।

सपा प्रतिनिधिमंडल ने घटना स्थल का किया दौरा

दादरी (चेतना मंच)। गांव समाधिपुर में निर्माणधीन मकान की छत गिरने से मलबे के नीचे दबकर हुई दो बच्चों की दर्दनाक मौत के मामले में समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा गठित प्रतिनिधि मण्डल ने रविवार को घटना स्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने घटना पर दु:ख जताते हुए शासन और प्रशासन से की मदद करने की मांग की और समाजवादी पार्टी की तरफ से परिवार की हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश आर्य, जिला महासचिव सुधीर तोमर, राकेश गौतम एडवोकेट, सुरेन्द्र गौतम, मेंहदी हसन, विनय शर्मा, हुकुम सिंह भारती, राहुल आर्यन, सतवीर गौतम, महेश कुमार, युनस मेहंदी एडवोकेट, आदि मौजूद रहे।

सपा ने लोकसभा चुनाव पर किया मंथन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर गत शनिवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने तथा संचालन जिला महासचिव सुधीर तोमर ने किया बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंथन किया गया।

इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि देश में आज किसान, गरीब, मजदूर परेशान हैं। सभी का साथ सभी का विकास का नारा देने वाली भाजपा सरकार चांद पूंजी पतियों के लिए काम कर रही है और अपने राजनीति लाभ में के लिए जानबूझ कर नफरत की राजनीति कर रही है तथा तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश और प्रदेश में लोकतंत्र कि हत्या कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी साथी लोकसभा चुनाव में पार्टी को विजय दिलाने के लिए जनता के बीच जाकर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि आज केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण महंगाई आसमान छू रही है, देश में बढ़ती बेरोजगारी भाजपा सरकार की बड़ी विफलता है। सरकार जनता के हितों को दरकिनार करते हुए उसका शोषण करने में लगी हुई है।

बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, गजराज नागर, डॉ महेन्द्र नागर, औरंगजेब चेयरमैन, रामशरण नागर, विजेंद्र चौहान, देवेंद्र अवाना, कृशान्त भाटी, अजय चौधरी, श्याम सिंह भाटी, अकबर खान, अतुल शर्मा एडवोकेट, मेंहदी हसन, राहुल आवाना, नवीन भाटी, राकेश गौतम, अवनीश भाटी, विजेंदर नागर, महेश भाटी, विपिन सैन, हैप्पी पंडित, विनोद लोहिया, सीपी सोलंकी, विपिन कसाना, सुनील भाटी, विक्रम टाइगर, राव संजय भाटी, आज़ाद नागर, दीनदयाल शर्मा, समय भाटी, मेराजुद्दीन उस्मानी, संजीव नागर, मनोज शर्मा, जुगती सिंह, सुमित राणा, मोहित नागर, लखन जाटव, विक्रांत चौधरी, प्रशांत भाटी, सतवीर गहलोत, मोहित यादव, अनिल प्रजापति, पवन जोगी, हरवीर प्रधान, गजेंद्र यादव, विनय शर्मा, रहिसुद्दीन खां, जावेद अंसारी, नरेंद्र शर्मा, हुकम सिंह भारती, सतेंद्र खारी, महेश चन्द, दिगंबर सिंह,धनेश प्रधान, उपेंद्र यादव, नीरज तंवर, सोनू, फुरकान, उस्मान, शेरू, आदि मौजूद रहे।

विधायक की टोपी उछालने में जुटा एक भाजपा नेता

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक के खिलाफ चिटैहड़ा गांव निवासी पार्टी के एक भाजपा नेता ने गत एक महीने से मोर्चा खोल रखा है। इस बात की चर्चा भाजपा के साथ-साथ अन्य राजनैतिक दलों में भी तेजी के साथ हो रही है। सूत्र बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक इन दिनों जहां-जहां पार्टी के कार्यक्रमों में जा रहे हैं वहां-वहां उनका पुरजोर विरोध जनता द्वारा करवाया जा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि उक्त भाजपा नेता 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर टिकट पाने के चाह में यह अभियान चला रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि अभी हाल ही में जारचा क्षेत्र के मुठियानी गांव में भारत संकल्प यात्रा के दौरान जैसे ही विधायक जी कार्यक्रम में पहुंचे वैसे ही गांव की महिलाओं ने विधायक का विरोध करना शुरू कर दिया आनन फानन में विधायक ने भारत संकल्प यात्रा को अधूरे में ही छोड़कर वहां से तमतमाते हुए निकल गए भाजपा के सूत्रों का कहना है कि विधायक एवं उक्त भाजपा नेता की काफी समय से तनातनी चल रही है और जैसे ही मौका मिला नेताजी विधायक का विरोध करवाना जनता से प्रारंभ कर दिए यही नहीं विधायक जी का भाजपा के एक बड़े क्षेत्रीय भाजपा के बड़े पदाधिकारी से भी इन दिनों तनातनी चल रही है। एक और जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारतीय जनता पार्टी को मजबूती देने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं वहीं भाजपा के कुछ नेता एवं जनप्रतिनिधि पार्टी की किरकिरी कराने में लगे हुए हैं।

कांग्रेस के जिला इकाई में गुटबाजी बढ़ी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जिले में मृतप्राय पड़ी कांग्रेस पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को कैसे संजीवनी दे पाएगी यह चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि जिले की कांग्रेस में दर्जन भर से अधिक लोग कार्यकर्ता नहीं है। यही नहीं पार्टी द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में एक दर्जन से भी अधिक लोग जुट नहीं पाते एक तरफ इंडिया गठबंधन जहां एनडीए गठबंधन को मात देने की रणनीति पर काम कर रहा है। वहीं जिले कि कांग्रेस में आपसी गुटबाजी एवं संगठन में हो रहे। बिखराव से पार्टी दिनों दिन गर्त में जा रही है। पार्टी के जिला अध्यक्ष का कार्यकाल 1 वर्ष से अधिक हो गया लेकिन उन्होंने पार्टी को मजबूती देने में पूरी तरह असफल रहे।

कम्बोडियन मार्शल आर्ट् अब उत्तर प्रदेश में

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। प्रथम राज्य स्तरीय ओपन कुन बोकाटोर प्रतियोगिता 2024 में प्रतिभागियों ने जमकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विजय श्री स्पोर्ट्स एकेडमी सेक्टर 141 नोएडा में आयोजित प्रथम ओपन राज्य स्तरीय कुन बोकाटोर प्रतियोगिता में 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया इसमें बागपत प्रथम स्थान द्वितीय स्थान नोएडा एवं तृतीय स्थान पर गाजियाबाद रही कुन बोकाटोर खेल में शामिल प्रदेश की 3 जिलों की टीमें शामिल रहीं गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बागपत जिसमें गौतम बुद्धनगर के 19 खिलाड़ियों ने अपने अपने अलग-अलग वर्ग, भार, में अच्छा प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक रजत पदक एवं कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है कुन बोकाटोर एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव जफर खान ने बताया प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन के दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपवास डा. पीके वशिष्ठ ग्रुप डॉयरेक्टर आईएएमर एवं विशिष्ठ अतिथि जिला ओलंपिक संघ के महासचिव, प्रमोद कुमार , स्टार डेवलपमेंट ऑफिसर एलआईसी ऑफ़ इंडिया के एपी सिंह, किसान नेता ,अशोक भाटी प्रदेश सचिव बीकेयू अंबावता संगठन,जिला जिम्नास्टिक संघ के महासचिव राजीव श्रीवास्तव , अमित शर्मा, रेनू शर्मा, प्रधानाचार्य डायरेक्टर शास्त्री विद्या मंदिर नोएडा रेफरी अंकित तोमर मो. वसीम, पवन कुमार,मुस्कान,नीरज रंगा मौजूद रहे।

कून बोकाटोर एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती डॉ. स्वाति यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनकी सराहना की साथ ही कुन बोकाटोर एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश के कोष अध्यक्ष संजय यादव ने बताया सभी खिलाड़ियों को निःशुल्क टी-शर्ट दी गई। जिसमें कुन बोकाटोर एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रथम टीम को 11000 एवं द्वितीय टीम को 5100 एवं तृतीय टीम को 2100 की धनराशि नगद पुरस्कार दी गई साथ ही प्रतियोगिता में यह भी बताया गया कि कुन बोकाटोर राज्य स्तरीय ट्रेनिंग कैंप भी कराया गया था। जिसमें राष्ट्र फेडरेशन द्वारा नेशनल कोच थापा चंद्रा द्वारा सभी खिलाड़ियों को कुन बोकाटोर कंबोडिया मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग भी दी गई है।

कैश से भरा स्टेट बैंक का एटीएम में उखाड़ ले गए बदमाश

आगरा। घने कोहरे में कागारौल में बदमाशों ने सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया।आगरा रोड पर लगा दोमंजिला मकान के नीचे लगा स्टेट बैंक का एटीम रविवार रात तीन बजे बदमाश उखाड़ ले गए। एटीएम में 30 लाख रुपये बताए जा रहे हैं।

मकान के प्रथम तल पर रहने वाले मालिक रामनिवास रावत ने आहट होने पर शोर भी मचाया, लेकिन बदमाशों के हथियारबंद होने की आशंका के चलते वह बाहर नहीं आए। पुलिस को सूचना देने पर वह दो मिनट में पहुंच गई, तब तक बदमाश एटीएम उखाड़ने के बाद उसे गाड़ी में लादकर फरार हो चुके थे।

कागारौल में मुख्य मार्ग के किनारे रामनिवास रावत का दोमंजिला मकान है। मकान के बाहर स्टेट बैंक का एटीएम है। रविवार रात तीन बजे परिवार के लोगों को नीचे खटपट की आवाज लगी। आशंका होने पर उन्होंने चोर-चोर का शोर भी मचाया, लेकिन उनके पास हथियार होने की आशंका से परिवार बाहर नहीं आया। रावत ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस दो मिनट में पहुंच भी गई, तब तक बदमाश एटीएम को उखाड़ गाड़ी में लाद कर भाग चुके थे।

एटीएम लूट कर ले जाने की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नाकाबंदी कर जिले की सीमा सील करा चेकिंग कराई। तब तक बदमाश पकड़ से दूर जा चुके थे। आशंका है कि बदमाश एटीएम को लूटकर राजस्थान की ओर भाग निकले। पुलिस ने राजस्थान पुलिस को भी सतर्क कर दिया है।

बताया जाता है कि बदमाश सीसीटीवी की डीवीआर अपने साथ नहीं ले जा सके। पुलिस बैंक कर्मियों की मदद से सीसीटीवी फुटेज चेक करा रही है। इससे कि बदमाशों की संख्या और वह किस गाड़ी से आए थे, इसकी जानकारी मिल सके।

महिला व्हील चेयर बास्केटबॉल टीम की फिजियोथैरेपिस्ट नियुक्त

नोएडा (चेतना मंच)। व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा नोएडा इंडोर स्टेडियम में भारतीय महिला व्हील चेयर बास्केटबॉल टीम के चार दिवसीय कैंप के तीसरे दिन डॉ भारती शर्मा टीम की फिजियोथैरेपिस्ट नियुक्त हुई और इस माह 10 जनवरी से थाईलैंड में होने वाली एशिया ओसियाना जोन चैंपियनशिप में भारतीय टीम का भी हिस्सा रहेंगी। फेडरेशन के अध्यक्ष वरुण अहलावत ने बताया की जिस तरह नोएडा इंडोर स्टेडियम के संचालन संस्था सिक्योरिटी सॉल्यूशन, मदरलैंड अस्पताल और युवा क्रांति सेना भर्ती टीम की खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं और हर संभव सहयोग मुहैया कर रहें हैं उससे उन खिलाड़ियों का खेल भी दिन पर दिन बेहतर होता जा रहा है। भारतीय टीम निश्चित ही थाईलैंड में होने वाली चैंपियनशिप में तिरंगा लहराएगी। नवनियुक्त फिजियोथैरेपिस्ट डॉ भारती शर्मा ने मैनेजमेंट का आभार व्यक्त करते हुए कहा की भारतीय टीम का हिस्सा होना मेरे साथ साथ नोएडा के लिए भी गौरव का पल है।

इस अवसर पर इंडोर स्टेडियम के प्रबंधक अमित सिंह, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, लोकेश चौहान, होप ऑन व्हील के कवीस अग्रवाल, कैप्टन लुईस जॉर्ज, राधा राव, मुकेश, ऋषभ, फहीम आदि मौजूद थे।

किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा करेगा 7 फरवरी को महापंचायत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। क्षेत्रीय किसानों की बैठक सेक्टर-चाई-4 में डॉ विकास प्रधान के आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रताप नागर एवं संचालन बृजेश भाटी ने किया इस संबंध में सर्वसम्मति से फैसला लेते हुए किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन का गठन किया गया और सभी की आम राय से स्वर्गीय जतन प्रधान नेताजी की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे।

डॉ. विकास प्रधान को संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। इस संबंध में नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विकास प्रधान ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन के लोगों ने सौंपी है। उसको ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से निभाऊंगा। इस संबंध में नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश भाटी ने कहा कि आगामी 7 फरवरी को किसानो की मूलभूत समस्या जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार और बिजली कंपनी एनपीसीएल यूपीसीएल की तानाशाही को लेकर क्षेत्र के हजारों किसान जिला मुख्यालय पर महापंचायत करेंगे।

संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा कि संगठन किसान मजदूर की आवाज को क्षेत्र में मजबूती के साथ उठायेगा एवं क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार दिलाना संगठन की प्राथमिकता होगी। इसी को लेकर जिला मुख्यालय पर महापंचायत का ऐलान किया गया है संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकेश भाटी ने कहा संगठन गांव गांव जाकर लोगों को जागरुक करेगा।

इस मौके पर बालकिशन प्रधान प्रताप नागर गजब प्रधान राज सिंह प्रधान लीला नागर बलवीर सिंह योगेंद्र मावी आलोक नागर जिले प्रधान लोकेश भाटी कृष्ण नागर संजय कसाना नरेंद्र भाटी विनोद मलिक पूनम भाटी एडवोकेट रीना भाटी एडवोकेट नीलम वर्मा, रफीक कुरैशी, सिंगराज तंवर,अनिल कसाना नितिन प्रधान गोलू गुर्जर नोएडा, भारत नागर, मनीष नागर जगत बीडीसी मनीष खारी मोहित भाटी, शुभम चेची, सत्येंद्र अधाना, उमेश राणा, सुनील भाटी, सत्येंद्र नागर ठाकुर सीपी सोलंकी सुनीता देवी जवाहर सिंह, कले सिंह भट्टा, सतीश मलिक, यासीन नगला, अजय मलिक सोहनदेव पारसोल मनोज शर्मा, हरेंद्र नागर, साजन शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांक: 1930/न0पा0परि0दा0/2023-24 दिनांक: 04/01/2024

-: ई-निविदा संशोधन सूचना :-

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) के पत्रांक- 1837/निर्माण / न0पा0परि0दा0/2023-24, दिनांक 23.12.2023 के द्वारा नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा विभिन्न वार्डो में 15वाँ वित्त आयोग की टाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत 04 निर्माण/विकास कार्यों की ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में ई0/ डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप ठेकेदारों / फर्मों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 11.01.2024 को समय अपरान्ह 04.00 बजे तक ऑमत्रित की थी। जिनका प्रचार-प्रसार दैनिक समाचार पत्रों हिन्दुस्तान के अंक दिनांक 25.12.2023 के पेज सं0-06 तथा चेतना मंच के अंक दिनांक 25.12.2023 के पेज सं0-03 पर प्रकाशित कराया गया था। किन्तु उक्त ई-निविदाओं की दिनांक व समय अपरिहार्य कारणो से बढ़ायी जाती है। उक्त ई-निविदाओ को दिनांक 11.01.2024 को समय अपरान्ह 04.00 बजे के स्थान पर दिनांक 25.01.2024 को समय अपरान्ह 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 25.01.2024 को सायं 05.00 बजे से खोली जायेंगी। उक्त कार्यों हेतु बिड डॉक्यूमेन्ट दिनांक 08.01.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक 25.01.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। शेष नियम व शर्तें पूर्व की भाँति यथावत रहेंगी।

निविदा संशोधन की सूचना / जानकारी हेतु ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in बेबसाईट को लगातार देखते रहें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
दादरी (गौतमबुद्धनगर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
दादरी (गौतमबुद्धनगर)

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

'10 लाख नहीं लाई तो बेटे की कर देंगे दूसरी शादी'

दो विवाहिताओं के साथ दहेज के लिए उत्पीड़न

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी में एक विवाहिता ने अपने ससुरालवालों के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करा है। पीड़िता का कहना है कि ससुराल वाले उसे धमकी दे रहे हैं कि अगर वह मायके से 10 लाख रुपए नहीं लाई तो वह अपने बेटे की दूसरी जगह शादी कर देंगे। वहीं थाना जारचा में भी एक विवाहिता ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना दादरी में दर्ज कराई रिपोर्ट में साजिया (काल्पनिक नाम) में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2013 में उत्तरांचल एनक्लेव कमालपुर बुराड़ी दिल्ली निवासी इमरान के साथ हुई थी। शादी के समय उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन इससे ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने उस पर मायके से 10 लाख रुपए नगद और स्कॉर्पियो गाड़ी लाने का दबाव डालना शुरू कर दिया। उसके इनकार करने पर पति व ससुवाले उसका उत्पीड़न करने लगे। आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती थी। ससुराल वालों के अत्याचारों से दुखी होकर है अपने तीन बच्चों को लेकर अपने मायके चली आई इस दौरान कई बार पंचायत हुई और समाज के सम्मानित लोगों के कहने पर वह है एक बार फिर अपनी ससुराल वापस चली आई।

पीड़िता के मुताबिक कुछ दिनों बाद उसके पति इमरान वह उसके परिजन उसे पर फिर मायके से पैसे लाने का दबाब बनाना शुरू कर दिया वर्ष 2021 में उसे एक बार फिर मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। करीब 6 माह बाद उसका देवर इरफान, नदीम, ससुर इरशाद उसे अपनी जिम्मेदारी पर अपने साथ लेकर ससुराल वापस आ गए। साजिया के मुताबिक उसके देवर ने वर्ष-2023 में उसे घर में अकेली पाकर उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया उसने किसी तरह नदीम से चंगुल से छूटकर खुद को बचाया और अपने मायके चली आई। साजिया का कहना है कि इमरान और उसके घर वाले उसे धमकी दे रहे हैं कि अगर उसे ससुराल वापस आना है तो 10 लाख रुपए लाने होंगे नहीं तो वह इमरान की दूसरी शादी कर देंगे।

वहीं थाना जारचा में संजना (काल्पनिक नाम) में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके शादी वर्ष 2020 में ब्रह्मपुरी दादरी निवासी ऋषभ मिश्रा के साथ हुई थी शादी के बाद से ही उसे पर 11 लाख रुपए मायके से लाने का दवाब बनाया जाने लगा। संजना के मुताबिक ससुराल वालों ने अपने मकान पर लोन ले रखा था। इस लोन को चुकाने के लिए वह उस पर मायके से पैसे लाने का दबाब बना रहे थे। उसके इनकार करने पर ससुसाल वाले उसके साथ मारपीट करने लगे। 20 अगस्त वर्ष 2023 को उसके साथ ससुरालवालों ने मारपीट की जिसके बाद वह किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग कर अपने घर आई। पीड़िता ने अपने पति ऋषभ मिश्रा ससुर कृष्ण मिश्रा सास सुनीता मिश्रा देवरा हर्ष मिश्रा ननद महक मिश्रा के खिलाफ दहेज के लिए उत्पन्न करने का आरोपी मुकदमा दर्ज कराया है।

माताजी की तीसरी पुण्यतिथि पर गरीबों को कंबल बांटे

नोएडा (चेतना मंच)। महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के पूर्व अध्यक्ष तथा पीसीसी सदस्य शाहबुद्दीन की माता जी की तीसरी पुण्यतिथि पर माताजी के ईसा ले शबाब का एक मजलिस कुरान खानी दुआ किया गया। इस मौके पर भोजन व कम्बल वितरण किया गया।

इस मौके पर मुख्य रूप से मौलाना मुफ्ती साबिर, मोहम्मद चांद, हाजी सगीर ठेकेदार, मौलाना हम हाफिज कयामुद्दीन, कारी परवेज, मोहम्मद जमीर, मुन्ना, कारी मुजाहिद, मौलाना आदिल, कारी जमशेद, कारी तोसीफ, कारी रजी आल इंडिया अब्बासी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी शमशेर अब्बासी, तनवीर हुसैन, मोहम्मद चांद, सलमान, महेदी, गुलफसा, मोहम्मद जियाहक, अमन, एम सफीक शहरयार, शाहरुख, आर एल शर्मा, विनोद शाह, सुमित जाटव, प्रेम शाह, परवेज इकबाल, अनीश, साहिद, आसिफ, तैमूर, रहीस अनस व अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जागरूक लोगों को किया सम्मानित

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) स्थित अजनारा ली गार्डेन सोसायटी में 'हम सब साथ साथ' और 'हिंदुस्तानी भाषा अकादमी' के सौजन्य से स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न सुंदर, सजावटी फ्लैट धारकों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानितों में सर्वश्री अभिषेक/पारुल सक्सेना, प्रीति मिश्रा, रितु त्यागी, अवनीत बंसल, पूनम श्रीवास्तव, रीता अस्थाना, संजय सक्सेना/आयुषी सक्सेना, अरशद, मंजू पाण्डेय, दीपक राजवेदी/प्रेरणा राजवेदी, नीरज/कविता सिंघल, अजय तिवारी/आरती तिवारी आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय रहे।

इस अवसर पर सर्वश्री सुधाकर पाठक की अध्यक्षता और विपिन गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में एक मनोरंजक काव्य संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथियों सर्वश्री साहित्य चंचल, भावना तिवारी, तूलिका सेठ, नीलम गुप्ता, कविता सिंह, विनीता सिंह, गार्गी कौशिक और मुकेश श्रीवास्तव आदि ने सुंदर कविता पाठ कर श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। कार्यकम का मनोरंजक संचालन किशोर श्रीवास्तव ने किया।

श्रीमती शशि श्रीवास्तव एवं केशव सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं अमित त्यागी ने सभी आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजन में अजनारा ली गार्डेन स्टेट मैनेजर श्री उदित नारायण सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

स्वदेशी जागरण मंच ने किया अक्षत वितरण

नोएडा (चेतना मंच)। राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की जानकारी प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संयोजन में संघ के सभी अनुसंगठनिक संगठनों द्वारा बड़ी तत्परता से निभाई जा रही है। इसी क्रम में स्वदेशी जागरण मंच नोएडा महानगर द्वारा ग्राम बरौला के नत्थू कॉलोनी में अक्षत वितरण का कार्य बड़े धूमधाम से गाजे बाजे के साथ जिला सह संयोजक मनोज शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

इस दौरान विशेष रूप से भाजपा उपाध्यक्ष गिरीश कोटनाला द्वारा प्रत्येक घर तक संदेश एवम अक्षत पहुंचाए गए। इस दौरान भागवत परासर, आरती कवि मीनाक्षी उपाध्याय राजकुमारी वंदना शर्मा तारकेश्वरी ,सीमा पटेल कुलदीप सिंह रमेश पटेल महेश चौहान शिवकुमार वीना नेगी सारिका रजनी आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

ठाकुर सीपी सोलंकी बने प्रदेश सचिव

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी व्यापार सभा की उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें गौतम बुद्ध नगर से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ठाकुर सीपी सोलंकी को प्रदेश सचिव बनाया गया है।

प्रदेश सचिव बनाए जाने पर ठाकुर सीपी सोलंकी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल का धन्यवाद किया वह आश्वासन दिया कि जो समाजवादी पार्टी की तरफ से जिम्मेदारी मिली है मैं स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विचारों को उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। समाजवाद की विचारधारा को संघर्ष के साथ करीब मजदूर किसानों की आवाज को बुलंद करने का काम करूंगा।

शारदा यूनिवर्सिटी हादसे में दूसरे मजदूर की मौत

नोएडा (चेतना मंच)। शारदा यूनिवर्सिटी में शटरिंग गिरने के दौरान घायल हुए दूसरे मजदूर की भी मौत हो गई है। इस हादसे में अब तक दो मजदूरों की मौत हो चुकी है। बता दे कि बीते दिनों शारदा यूनिवर्सिटी में अचानक शटरिंग गिरने के कारण कई मजदूर घायल हो गए थे। घायल मजदूरों को उपचार के लिए शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान झारखंड निवासी जब्बार की मौत हो गई थी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए मोहम्मद शमशाद पुत्र कासिम (22 वर्ष) का उपचार शारदा अस्पताल में चल रहा था। देर रात उपचार के दौरान मोहम्मद शमशाद की भी मौत हो गई। शटरिंग गिरने के कारण हुए हादसे में दो मजदूरों की मौत से उनके परिजनों तथा अन्य मजदूरों में खास रोज व्याप्त है। परिजनों का आरोप है कि निर्माण अधीन स्थल पर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे जिस कारण हादसे में दो मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

दो घरों में चोरों ने लगाई सेंध

नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग स्थान पर चोरों ने दो घरों में चोरी की दो वारदातों को अंजाम दिया। चोर जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर ले गए। ग्राम चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर- 22 में रहने वाले मोहित बैरागी ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह 6 जनवरी की रात्रि को अज्ञात चोरों ने उनके घर से लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर 24 पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं थाना बिसरख क्षेत्र के विकास एनक्लेव ओल्ड हैबतपुर में रहने वाले मनीष चौरसिया ने पुलिस से की शिकायत में बताएं कि वह बीते दिनों अपनी नाइट ड्यूटी पर चला गया था इस दौरान चोरों ने उसके घर में घुसकर दो गैस सिलेंडर दो छोटे सिलेंडर सगाई के कपड़े मेकअप का सामान ग्राइंडर मशीन ड्रिल मशीन मिक्सर मशीन बैग आदि चोरी कर लिया। पीड़ित के मुताबिक चोरी की है। पूरी घटना पड़ोस के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज

नोएडा (चेतना मंच)। थाना तहसील में एक व्यक्ति के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने किराए पर चलने के लिए उसे दो गाड़ियां ले ली। अब वह ना तो गाड़ियों की किस्त दे रहा है और ना ही गाड़ियों को वापस कर रहा है। ग्लोबल फ्लीट सॉल्यूशन आई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर जोगेंद्र सिंह ने बताया कि उसने अपनी कंपनी के माध्यम से दो स्विफ्ट डिजायर कर दल्लूपुरा दिल्ली निवासी अंकित चौहान पुत्र राम केवल चौहान को चलाने के लिए दी थी। इस दौरान तय हुआ था कि अंकित चौहान दोनों गाड़ियों की किस्त कंपनी में जमा करेगा। गाड़ियां लेने के बाद अंकित चौहान कंपनी में गाड़ियों की किस्त जमा नहीं कर रहा है। उन्होंने कई बार किस्त जमा करने के लिए कहा लेकिन उसने मना कर दिया। गाड़ी लौटाने के लिए जब अंकित चौहान में उसके पिता से संपर्क किया गया तो उन्होंने गाड़ी वापस करने से भी इनकार कर दिया।

पृष्ठ एक के शेष....

11 दोषियों की सजा...

नहीं अपनाना चाहिए और प्रत्येक कैदी को सुधार तथा समाज के साथ फिर से जुड़ने का अवसर दिया जाना चाहिए।

इस मामले में बिलकिस की याचिका के साथ ही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की नेता सुभाषिनी अली, स्वतंत्र पत्रकार रेवती लाल और लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रूपरेखा वर्मा समेत अन्य ने जनहित याचिकाएं दायर कर सजा में छूट को चुनौती दी है। तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने भी दोषियों की सजा में छूट और समय से पहले रिहाई के खिलाफ जनहित याचिका दायर की है।

कांच की सतह पर...

एक तरफ जहां पूरे देश में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह है तो वहीं दूसरी तरफ लोग किसी न किसी वजह से राम मंदिर के जरिए चर्चा का हिस्सा बन रहे हैं।

मिली रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोफेसर अजय कुमार मित्तल ने एक सादे कांच के शीशे पर आयताकार ऑक्साइड-लेपित सतह पर सबसे छोटे श्री रामचरितमानस को उकेरने का रिकॉर्ड बनाया है। मित्तल ने संपूर्ण महाकाव्य को कांच की सतह पर 300 पंक्तियों के भीतर उकेरा है। जिसके बाद उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है।

अपने इस काम पर प्रो. मित्तल ने कहा कि मेरा काम अयोध्या में राम मंदिर को समर्पित है। मुझे अपने काम पर बहुत गर्व है।

सिक्योरिटी गार्ड...

थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने इस मामले में किसी की भी लापरवाही नहीं बताते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

वहीं थाना बिसरख क्षेत्र के इको विलेज सोसायटी के एक फ्लैट की बालकोनी से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरने के कारण (31 वर्षीय) संदीप कुमार पुत्र कुंदन की मौत हो गई। बीते देर रात संदीप कुमार के परिजन उसे गंभीर स्थिति में यथार्थ अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदीप कुमार एक निजी कंपनी में कार्यरत था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि संदीप ने आत्महत्या की है अथवा वह दुर्घटनावश नीचे गिरा था।

खंभे से टकराई...

मृतक की पहचान जनपद बदायूं निवासी अमित यादव पुत्र धीरेंद्र सिंह के रूप में हुई। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अमित यादव तेज गति में बाइक से आ रहा था इस दौरान वह अचानक संतुलन खो बैठा और अनियंत्रित बाइक खंभे से टकरा गई इस हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अमित यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

सपा दलित...

लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद ही सपा पुन: अपने दलित-विरोधी जातिवादी एजेंडे पर आ गई।' इतना ही नहीं मायावती ने आगे कहा, 'और अब सपा मुखिया जिससे भी गठबन्धन की बात करते हैं उनकी पहली शर्त बसपा से दूरी बनाए रखने की होती है, जिसे मीडिया भी खूब प्रचारित करता है। वैसे भी सपा के 2 जून 1995 (गेस्ट हाउस कांड) सहित घिनौने कृत्यों को देखते हुए व इनकी सरकार के दौरान जिस प्रकार से अनेकों दलित-विरोधी फैसले लिये गये हैं। जिनमें बीएसपी यूपी स्टेटआफिस के पास ऊँचा पुल बनाने का कृत्य भी है जहाँ से षड्यन्त्रकारी अराजक तत्व पार्टी दफ्तर, कर्मचारियों व राष्ट्रीय प्रमुख को भी हानि पहुँचा सकते हैं जिसकी वजह से पार्टी को महापुरुषों की प्रतिमाओं को वहाँ से हटाकर पार्टी प्रमुख के निवास पर शिफ्ट करना पड़ा।'

पार्टी दफ्तर के लिए मांगी नई जगह

पार्टी दफ्तर के लिए सुरक्षित स्थान की मांग करते हुए उन्होंने अपनी अगली पोस्ट में लिखा, 'असुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा सुझाव पर पार्टी प्रमुख को अब पार्टी की अधिकतर बैठकें अपने निवास पर करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि पार्टी दफ्तर में होने वाली बड़ी बैठकों में पार्टी प्रमुख के पहुँचने पर वहाँ पुल पर सुरक्षाकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ती है। ऐसे हालात में बीएसपी यूपी सरकार से वर्तमान पार्टी प्रदेश कार्यालय के स्थान पर अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर व्यवस्था करने का भी विशेष अनुरोध करती है, वरना फिर यहाँ कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। साथ ही, दलित-विरोधी तत्वों से भी सरकार सख्ती से निपटे, पार्टी की यह भी माँग है'।

हर घर नल से जल...

कंपनी द्वारा लोहे के पानी की टंकी के पाइप काफी संख्या में ग्राम शाहपुर में रखे हुए थे। बीते दिनों जब उन्होंने कंपनी साइट पर जाकर पाइपों की गिनती की तो वहां से बड़ी मात्रा में पाइप गायब मिले। उन्होंने कर्मचारियों की मदद से आसपास पाइप की तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

प्राधिकरण की...

पूर्व में इन खसरो पर अवैध कब्जे की कार्रवाई को प्राधिकरण द्वारा कई बार रोका जा चुका है। थाना प्रभारी में बताएं कि शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे

पर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर लगाई गई चैन लिंक फेंसिंग को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है उन्होंने बताया कि करीब 300 मीटर चैन लिंक फेंसिंग को चोरी कर लिया गया है जिसकी कीमत लाखों रुपए है। उन्होंने बताया कि चैन लिंक फेंसिंग होने के बाद यहां पर दुर्घटनाएं होने की भी संभावना बनी हुई है।

थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है पुलिस पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर जगह जगह लगे सीसीटीवी कैमरो की जांच में जुटी हुई है।

चोरी की बाइक पर ट्रक का फजी नम्बर

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा थाना-39 पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की बाइक व चाकू बरामद हुआ है। पकड़ा गया आरोपी चोरी की बाइक पर ट्रक का फर्जी नंबर लगाकर उसे चल रहा था।

थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम सेक्टर-98 कट के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार पुलिस को देखकर भाग निकला संदेह के आधार पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे दबोच लिया तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सोनू हालदार पुत्र मधु हालदार निवासी छालेरा बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास से बरामद बाइक चोरी की है।

थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक पर लगे नंबर को जब पुलिस ने ई-चालान एप पर डालकर चेक किया तो पता चला की उक्त नंबर किसी ट्रक का है। पुलिसकर्मियों ने बाइक के चेचिस इंजन नंबर की तलाश की तो वह भी मिटा हुआ मिला। आरोपी के खिलाफ वाहन चोरी व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

किशोरी का बहला-फुसलाकर ले गए

नोएडा (चेतना मंच)। थाना फेस-3 में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाले तीन युवकों के खिलाफ नाबालिक किशोरी को बहला-फुसलाकर भाग ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से पीलीभीत के रहने वाले प्रेम (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह वर्तमान में गढ़ी चौखंड़ी गांव में किराए पर रह रहा है और मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है बीते 1 जनवरी की सुबह वह काम पर चला गया इस दौरान उसके पीछे उसके ही गांव के रहने वाले भारत लाल उर्फ संजू, अमित कुमार तथा सोमपाल उसके घर पहुंचे तीनों आरोपी उसकी नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए शाम के समय जब वह वापस लौटा तो उसे उसकी पुत्री गायब मिली उसने जब खोजबीन की तो पता चला कि तीनों युवक उसकी बेटी को अपने साथ ले गए हैं। थाना फेस तीन प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश कर रही है।

जम्मू में सीजन की सबसे ठंडी रात, तापमान पहुंचा माइनस में

श्रीनगर। श्रीनगर और जम्मू दोनों शहरों में शनिवार-रविवार को इस सीजन की अब तक की सबसे ठंडी रात देखी गई। इस दौरान यहां का न्यूनतम तापमान क्रमशः शून्य से 5.6 और 3.4 डिग्री नीचे गिर गया। पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं के साथ तीव्र शुष्क शीत लहर ने कश्मीर में लोगों की तकलीफें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के जानकारी दी है कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 5.6, गुलमर्ग में माइनस 4.4 और पहलगाम में माइनस 6.5 रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 15.3 और कारगिल में माइनस 14.3 रहा। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 3.4, कटरा में 6, बटोटे में 2.1, भद्रवाह में माइनस 0.2 और बनिहाल में माइनस 2.2 रहा। यहां पर कड़ाके की ठंड की 40 दिनों की लंबी अवधि जिसे चिल्लई कलां के नाम से जाना जाता है, 21 दिसंबर को शुरू हुई और 30 जनवरी को समाप्त होगी। गर्मियों के महीनों के दौरान पीने और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की स्थानीय लोगों की उम्मीदें चिल्लई कलां के शेष हिस्से पर बची हुई हैं। यदि चिल्लई कलां के शेष भाग के दौरान पर्याप्त बर्फबारी होती है, तो सब कुछ ठीक हो जाएगा, अन्यथा आने वाली गर्मियों में स्थानीय लोगों के लिए पीने के पानी की मुश्किलें आएंगी।

मोस्ट वॉन्टेड को छुड़ा ले गई भीड़, हाथ जोड़ती रही बिहार की पुलिस

जहानाबाद। जहानाबाद शहर के फिदा हुसैन रोड पर शनिवार की शाम भीड़ ने मोस्ट वांटेड को पुलिस से छुड़ा लिया। इस दौरान उलटे पुलिस हाथ जोड़ती रह गई। यहां उस वक्त हंगामे के साथ अफरातफरी मच गई, जब गया पुलिसकर्मियों की एक टीम कांड के एक वांछित मोस्ट वांडेट अपराधी को गिरफ्तार करने जहानाबाद आई थी। गया डीआईयू की टीम में शामिल पुलिसकर्मियों ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया लेकिन अचानक कुछ लोगों की भीड़ उग्र हो गई और पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई और धक्का मुक्की कर वांछित को छुड़ा ले गई। सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने बाद में भीड़ में शामिल रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि गया का मोस्ट वांटेड अपराधी श्याम करीम को पुलिस पकड़ने आयी थी। उसके खिलाफ डकैती व लूट सहित अन्य मामले दर्ज हैं। वह पिछले एक वर्षों से फरार चल रहा था। नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर निखिल कुमार ने बताया कि इस संबंध में कार्रवाई की जा रही है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गया सिविल लाइन थाना के नगमतिया रोड के निवासी श्याम करीम नामक आपराधिक मामले के आरोपित वांछित व 50 हजार का इनामी अपराधी को गया डीआईयू की टीम तलाश कर रही थी। टावर लोकेशन के आधार पर वह जहानाबाद शहर के फिदा हुसैन रोड में मिला। वह यहां अपने एक संबंधी के आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। इस दौरान सादा लिवास में आयी गया पुलिस कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गयी वहीं स्थानीय थाने की पुलिस पीछे रह गयी है। हालांकि हमला होने के बाद नगर थाने की पुलिस ने लोगों को नियंत्रित किया लेकिन तब तक अपराधी मौके का फायदा उठाकर भाग गया। उसके कुछ निजी और अन्य लोग उग्र हो गए और पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। पुलिस के हथियारों को भी झिड़क दिया। हाथापाई हुई और इस बीच वांछित को लोगों ने छुड़ा लिया। आरोपित भाग निकला। जब इसकी सूचना मिली तो वह घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की तहकीकात में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

अवैध रूप से रह रहे 3 बांग्लादेशी नागरिकों को पालघर से किया गिरफ्तार

पालघर। अवैध रूप से रहने के आरोप में तीन बांग्लादेशी नागरिकों को महाराष्ट्र के पालघर से वसई थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार इन तीनों के खिलाफ पासपोर्ट नियमों और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। रविवार को पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र के पालघर जिले में कथित तौर पर अवैध रूप से भारत में रहने वाले तीन बांग्लादेशी की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम ने 4 जनवरी को वसई इलाके में तलाशी ली थी। इसी दौरान तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों विदेशी नागरिकों की उम्र 23 से 45 साल की बताई जा रही है। वसई पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि तीन बांग्लादेशी नागरिकों से पूछताछ के दौरान पता चला कि उनके पास भारत में रहने के लिए वैध दस्तावेज नहीं थे। उनके खिलाफ पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियमों और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

एक दिन में कोविड-19 के 774 नये मामले आए, 2 की हुई मौत

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 774 नए मामले सामने आए हैं। वहीं दो मरीजों की मौत हुई है। ये मौतें तमिलनाडु और गुजारत में हुई हैं। वहीं शुक्रवार को 12 लोगों की मौत हुई थी। जिसमें केरल में पांच, कर्नाटक में चार, महाराष्ट्र में दो और उत्तर प्रदेश में एक व्यक्ति की मौत हुई थी। देश में नये मामले सामने आने के बाद कुल एक्टिव मामलों की संख्या 4,187 हो गई है। देश में जनवरी 2020 से अब तक कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमित मरीजों की कुल संख्या 4,50,17,378 तक पहुंच गई है। जबकि, नई मौतों के बाद देश में कोरोना से मरने वालों लोगों का आंकड़ा 5,33,387 हो गया है। बताया जा रहा है ?कि नया जेएन.1 सब-वैरिएंट ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट का वंशज है जिसे बीए.2.86 या पिरोला के नाम से जाना जाता है। इसका केरल राज्य में पहला मामला आया है। भारतीय एसएआरएस-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) के अनुसार, केरल, कर्नाटक में जेएन.1 प्रकार के मामले देखे गए। जबकि, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान, तेलंगाना, ओडिशा और हरियाणा भी प्रभावित हुए। जानकार बताते हैं कि जेएन.1 वैरिएंट, नए मामलों या अस्पताल में भर्ती होने और मौतों में वृद्धि का कारण नहीं बन रहा है। इन राज्यों ने सामूहिक रूप से गुरुवार तक सब-वैरिएंट के 619 मामले दर्ज किए हैं, जिसमें कर्नाटक 199 मामलों के साथ आगे है। जबकि केरल 148 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। आईएनएसएसीओजी के आंकड़ों से पता चला है कि दिसंबर 2023 में 239 और नवंबर 2023 में 24 कोविड-19 मामलों की पहचान जेएन.1 वैरिएंट की उपस्थिति से की गई थी। देश में कोरोना वायरस से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 4.4 करोड़ से ज्यादा पहुंच गई है, जो 98.81 प्रतिशत की राष्ट्रीय रिकवरी दर के बराबर है।

600 मिलियन डॉलर के मालिक आंखों में आंसू लिए जज के सामने कांपते रहे

-जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल हुए नाउम्मीद, जेल में मरने की मांगी इजाजत

मुंबई। 538 करोड़ रुपये के केनरा बैंक धोखाधड़ी केस में आरोपी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने अदालत से अनुरोध किया- कि उन्हें जेजे अस्पताल न भेजा जाए, इसके बजाय जेल में ही मरने दिया जाए। गोयल ने कहा कि उन्होंने जीवन की हर उम्मीद खो दी है और ऐसी स्थिति में जीवित रहने से बेहतर है कि उन्हें मर जाना चाहिए। बता दें कि 2023 की रेटिंग में गोयल 600 मिलियन डॉलर के मालिक बताए जाते हैं, लेकिन जज के सामने आंसू लिए जीवन और मौत के बीच उम्मीद की किरण तलाशते नजर आए। जानकारी के अनुसार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल शनिवार को मुंबई की एक विशेष अदालत में पेशी के दौरान भावुक हो गए। गोयल ने हाथ जोड़कर अदालत से कहा कि उन्होंने जीवन की हर उम्मीद खो दी है और वह अपनी वर्तमान स्थिति में जीने की अपेक्षा जेल में मरना पसंद करेंगे। बता दें कि नरेश गोयल 538 करोड़ रुपये के केनरा बैंक धोखाधड़ी केस में आरोपी हैं। कोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसार, सत्तर वर्षीय नरेश गोयल की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि वह अपनी पत्नी अनीता को बहुत मिस करते हैं, जो कैंसर के एडवांस स्टेज में हैं। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में पिछले साल 1 सितंबर को गोयल को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल मुंबई की आर्थर रोड जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। गोयल ने विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी। उन्हें शनिवार को अदालत में पेश किया गया और कार्यवाही के दौरान गोयल ने कुछ मिनटों की व्यक्तिगत सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे न्यायाधीश ने अनुमति दे दी। अदालत के रोजनामा (दैनिक सुनवाई का रिकॉर्ड) के अनुसार, नरेश गोयल ने हाथ जोड़कर कहा कि उनका स्वास्थ्य बहुत खराब है। इस दौरान वह लगातार कांप रहे थे।

भारत, अमेरिका, रूस और चीन जैसे सुपर पॉवर देशों की नजर बांग्लादेश के चुनाव पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में आज आम चुनाव होने जा रहे हैं। इसमें शेख हसीना ने रिकॉर्ड चौथी बार सत्ता में आने का दमखम लगा दिया है। वहीं भारत, अमेरिका, रूस और चीन जैसे सुपर पॉवर देशो की नजर बांग्लादेश के चुनाव पर टिकी हुई हैं। जबकि मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बांग्लादेश मे चुनाव के बायकॉट का बिगुल बजा रखा है। इस बीच हिंसा से जूझ रहे बांग्लादेश के इन चुनावों पर दुनियाभर की नजरें टिकी हैं। भारत और चीन ही नहीं बल्कि रूस से लेकर अमेरिका तक की दिलचस्पी बांग्लादेश के चुनाव में बनी हुई है। लेकिन बांग्लादेश के चुनाव में इन सुपरपावर देशों की इतनी दिलचस्पी की वजह तथा इन देशों के हितों को समझने की जरूरत है। युद्ध की जमीन से 1971 में जन्मे बांग्लादेश का 52 सालों का इतिहास है। संघर्षों की दहलीज पार कर इस मुल्क की अर्थव्यवस्था 400 अरब डॉलर को पार कर गई है। बांग्लादेश आज आर्थिक और भू-राजनीतिक रूप से ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां दुनिया के कई कद्दावर देश उसकी तरफ कदम बढ़ा रहे हैं। जब भारत अपने पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश की तरफ देखता है, तो इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि 1996 से 2001 तक और फिर 2009 से लगातार भारत को बांग्लादेश की सुरक्षा एजेंसियों से सहयोग मिला है।

बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार ने अपने देश में भारत विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाने के प्रयास किए हैं। बांग्लादेश चुनाव के नतीजों का यकीनन भारत के साथ उसके संबंधों पर असर पड़ने वाला है। प्रधानमंत्री शेख हसीना की अगुवाई में 14 पार्टियों का गठबंधन विपक्षी दल बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ खड़ा है। इसे एक तरह से विचारों की जंग कहा जा सकता है। गौरतलब है कि बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार को लंबे समय से भारत का समर्थन मिला है। इसकी वजह है कि शेख हसीना की अवामी लीग सरकार देश में चरमपंथी और कट्टरपंथी तत्वों पर लगाम लगाने में काफी हद तक कामयाब रही है।

एक बात जरूर गौरतलब है कि भारत भी अपने पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा संबंधी हितों के लिए बांग्लादेश पर भरोसा करता है। यही वजह है कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में हिंसा और घुसपैठ करने वाले जिहादी संगठनों पर बांग्लादेश समय-समय पर चाबुक चलाता रहा है। भारत और बांग्लादेश के हित एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। एक तरफ जहां पूर्वोत्तर के राज्यों की सुरक्षा और जिहादी संगठनों पर नकेल कसने के लिए भारत को बांग्लादेश की जरूरत है, वहीं मोदी सरकार की लुक ईस्ट और एक्ट ईस्ट पॉलिसी के लिए भी बांग्लादेश बहुत जरूरी है। इन नीतियों में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, डिजिटिल इंटीग्रेशन, व्यापार, निवेश और एनर्जी कोलेबोरेशन शामिल हैं। भारत ने रक्षा आयात के लिए बांग्लादेश को 50 करोड़ डॉलर का ऋण भी दिया है।

वहीं अमेरिका की पैनी नजर भी बांग्लादेश के चुनाव पर है। अमेरिका अक्सर शेख हसीना सरकार पर भ्रष्टाचार और लोकतंत्र का गला घोंटने के गंभीर आरोप लगाते रहा है। अमेरिका मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का लगातार समर्थन कर शेख हसीना सरकार को दबाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ढाका में अमेरिकी दूतावास विपक्ष के लिए जमीन तलाशने में जुटा हुआ है। बांग्लादेश के अर्धसैनिक बल रैपिड एक्शन बटालियन ने कहा ?कि दिसंबर 2021 से ही अमेरिका एक तरह से शेख हसीना पर लगातार दबाव बना रहा है। इसी कड़ी में पिछले साल अमेरिका ने बांग्लादेश के आला अधिकारियों, नेताओं और न्यायपालिका से जुड़े लोगों के लिए वीजा पर प्रतिबंध लगा दिए थे। राष्ट्रपति बाइडेन ने 2021 और 2023 में डेमोक्रेसी समिट से बांग्लादेश को कथित तौर पर जानबूझकर बाहर भी रखा था।

शांतिपूर्ण, भयमुक्त माहौल बनाने सिद्दारमैया ने पुलिस को दिये निर्देश

बेंगलुरु। कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया ने बेंगलुरु सिटी पुलिस को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करने और राज्य में शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल बनाने का निर्देश दिया। सीएम ने बेंगलुरु में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से हमारी सरकार सत्ता में आई है, बेंगलुरु में अपराध कम हो गया है। हालांकि अपराध को पूरी तरह ख़त्म नहीं किया जा सकता, लेकिन इसे कम किया जा सकता है। पुलिस को रोके जा सकने वाले अपराधों को प्राथमिकता देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि सभी स्तरों पर पुलिस अधिकारियों को समाज की भलाई के लिए ड्रग माफिया को खत्म करने के लिए उचित निर्णय लेना चाहिए और इसे लागू करना चाहिए। जो लोग अकेले रहते हैं, उनकी पहचान की जानी चाहिए, उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और पुलिस बीट सिस्टम को भी मजबूत किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि शहर में 241 होयसला वाहनों के गश्ती दल को मजबूत किया जाना चाहिए और उन्हें अधिक जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए रियल एस्टेट के मुद्दों में शामिल होना सही नहीं है। इससे लोगों का पुलिस व्यवस्था पर से भरोसा उठ जाएगा। मौजूदा सरकार आपको कभी भी गैरकानूनी काम में शामिल होने के लिए नहीं कहेगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा, हम उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे जो अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। शहर में उपद्रव को खत्म किया जाना चाहिए और किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

अब भारत 90 के दशक के पहले वाला नहीं, शक्तिशाली बन चुका है : धनखड़

- उपराष्ट्रपति ने किया एक से श्रेष्ठ के 500वें केंद्र का शुभारंभ

हमीरपुर (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हमीरपुर में एक से श्रेष्ठ के 500वें केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति 5 हजार वर्ष से अ?धिक पुरानी है और हमारी पहचान भारतीयता की है। अब भारत 90 के दशक के पहले वाला नहीं बल्कि नया और शक्तिशाली भारत बन चुका है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा उनके संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में चलाए जा रहे शैक्षणिक कार्यक्रम एक से श्रेष्ठ के 500वें केंद्र का 20 हजार से भी ज्यादा लोगों की उपस्थिति में भव्य शुभारंभ हुआ। इस विशेष अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल उपस्थित रहे। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में आम लोगों की सरकार है। जब गरीब, किसान व आम आदमी की सरकार आती है तो उसके मन में संवेदनशीलता होती है। हम भाजपा की तरह डमरू नहीं बजाते कि डबल इंजन की सरकार है। हम तो सिर्फ यह चाहते हैं कि आमजन ने सेवा का जो मौका हमें दिया है, उस मौके को आम आदमी तक पहुंचाया जाना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हिमाचल दौरे पर तंज कसा कि चुनावों को देखते हुए जिस जोश के साथ भाजपा नेता हिमाचल आ रहे हैं, ऐसा जोश यदि भाजपा के नेता आपदा के समय दिखाते तो बात कुछ और होती।

उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश इतनी बड़ी प्राकृतिक आपदा से गुजरा लेकिन केंद्र से कोई बड़ी मदद प्रदेश को नहीं मिली। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन है और इस दिन हर घर दीपावली मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान भारत की सांझी सांस्कृतिक विरासत हैं और हर भारतीय को 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है। भगवान राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन होगा।

कांग्रेस के बड़े नेता जाएंगे अयोध्या, 15 जनवरी को करेंगे राम मंदिर में दर्शन

लखनऊ (एजेंसी)। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने अयोध्या जाने का ऐलान किया है। ये नेता आगामी 15 जनवरी को राम मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। जानकारी के अनुसार यूपी के सहारनपुर से शुरू हुई कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा के लखनऊ में समापन के बाद पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने यह निर्णय लिया। नेताओं और कार्यकर्ताओं संग बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत, पूर्व सांसद, विधायक और कई बड़े नेता मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही अयोध्या जाने का अपना प्लान भी सामने रखा। बैठक में तय हुआ कि यूपी कांग्रेस के नेता 15 जनवरी को अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। यूपी प्रभारी अविनाश पांडे के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कुछ नेता अयोध्या जाएंगे। खरमास खत्म होने पर 15 जनवरी को ये सभी नेता राम लला के दर्शन करेंगे। दरअसल 15 जनवरी को सुबह 9.15 पर खरमास समाप्त हो रहा है। इसके बाद कार्यालय से राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडे व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस नेता अयोध्या के लिए निकलेंगे। अयोध्या पहुंचने के बाद सभी नेता सरयू नदी में स्नान करेंगे और फिर रामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन भी करेंगे।

गौरतलब है कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसको लेकर राम नगरी में तैयारियां चल रही हैं। पीएम नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य आयोजक होंगे। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी समेत कई विपक्षी नेताओं को इस कार्यक्रम के लिए न्योता दिया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी को भी न्योता मिला है। अब तक कांग्रेस की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि पार्टी के नेता अयोध्या में होने वाले समारोह में शामिल होंगे या नहीं। बिहार के सीएम नीतीश कुमार और पूर्व सीएम लालू यादव को भी कार्यक्रम में बुलाया गया है।

दिल्ली सरकार का फरवरी में आएगा बजट, तैयारी में जुटे सीएम केजरीवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट फरवरी महीने में आने वाला है। इसके लिए सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। बजट को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने मंत्रियों के साथ पहली बैठक की है। इस बैठक में उन्होंने दिल्ली की जनता की प्राथमिकताओं को लेकर मंत्रियों से विचार-विमर्श किया। सरकार का कहना है कि इस बार दिल्ली का बजट फरवरी माह के मध्य या अंत तक आ जाएगा। आगामी बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर समेत अन्य प्रमुख मुद्दों पर विशेष फोकस किए जाने की उम्मीद है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने सभी मंत्रियों को बजट की तैयारियां तेज करते हुए अपनी प्राथमिकताएं तय करने का निर्देश दिया है। अगले सप्ताह सीएम की अध्यक्षता में सभी मंत्रियों और अफसरों की बैठक होगी, जिसमें प्राथमिकताओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद बजट पर दिल्ली के सभी हितधारकों से भी सुझाव लेकर उन्हें शामिल भी किया जाएगा। दिल्ली की केजरीवाल सरकार का कहना है कि यह बजट दिल्ली की जनता को कई बड़ी सौगात देने वाला होगा। शनिवार को हुई बैठक में पानी, सड़क, शहरी विकास और विभिन्न विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई। इन सभी पर आगामी वित्तीय वर्ष में क्या प्राथमिकताएं होंगी, यह तय किया गया। सीएम ने संबंधित मंत्री से इन कार्यों के लिए आगामी वित्तीय वर्ष में कितने बजट की जरूरत होगी, उस पर गहन विचार किया। उन्होंने सभी मंत्रियों को एक सप्ताह के अंदर अपने-अपने विभाग से जुड़ी प्राथमिकताएं तय करने को कहा है। जिसमें वो अपनी प्राथमिकताएं तय करते समय जनता को ध्यान में रखेंगे। साथ ही, सभी विधायकों से भी बजट पर सुझाव लिए जाएंगे। इन सभी से मिले सुझावों का विश्लेषण किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी की न्याय यात्रा बन सकती है चुनौती

-सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के लिए भी हो सकती हैं मुश्किलें, यूपी में खास फोकस

लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी की न्याय यात्रा चुनौती बन सकती है। गौरतलब है कि राहुल एक बार फिर भारत न्याय यात्रा निकालने जा रहे हैं। यह यात्रा करीब 11 दिन यूपी में रहेगी। जानकारों का कहना है कि उनकी यह यात्रा सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के लिए भी चुनौती बन सकती है। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि इसके रूट प्लान से साफ है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिर से उत्तर प्रदेश की राजनीति पर फोकस कर रहे हैं। वे इसी बहाने अमेठी भी लौट रहे हैं। यात्रा के दौरान सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष का भी ध्यान रहेगा कि राहुल गांधी का उत्तर और दक्षिण की राजनीति को लेकर जनता के बीच क्या स्टैंड है। इसके अलावा, अयोध्या में बने माहौल के बीच उन्हें सनातन पर भी अपना रुख स्पष्ट करना होगा। स्टालिन की पार्टी के गठबंधन की बात को भी उन्हें सही साबित करना है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का जो रूट मैप है, उसमें राहुल गांधी सबसे ज्यादा समय यूपी में गुजारेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार यूपी में वह 11 दिन में 1,074 किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे। इस दौरान 20 जिलों की 23 लोकसभा सीटों को छुएंगे। राहुल गांधी यूपी में चंदौली से प्रवेश करेंगे और उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी होते हुए अपने गढ़ अमेठी और रायबरेली पहुंचेगे। भारत न्याय यात्रा जिन राज्यों से होकर गुजरेगी, वहां कांग्रेस और इंडिया के सहयोगियों से सीटों का तालमेल एक बड़ी चुनौती है। कांग्रेस और इंडिया के सहयोगी दलों में शामिल दलों के बीच सीटों का तालमेल एक बड़ा मुद्दा हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी जिन सीटों पर चुनाव लड़ने की सोच रही उन्हीं 22 जिलों से राहुल गांधी की यात्रा गुजरेगी। इसी कारण कांग्रेस अपनी फोकस सीटों के रास्ते से राहुल गांधी को ले जाने का प्लान बनाया है।

इधर पूर्वांचल से लेकर अवध, रुहेलखंड से पश्चिमी यूपी और बृज क्षेत्र तक को मथने की रणनीति है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस की प्रदेश इकाई कई सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। वहीं गठबंधन से बात करने के लिए बनी समिति ने करीब दो दर्जन सीटें छांटी हैं, जिन पर वह मजबूत दावा पेश करेगी। साथ में यह भी कहा है कि भाजपा को हराने के लिए दोनों दल पूरी तरह साथ आएंगे तभी बात बनेगी। लेकिन यह साथ केवल कहने के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि सीटों में उसे भी बड़ी हिस्सेदारी देनी पड़ेगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी की मानें तो राहुल गांधी की पहले निकल चुकी भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे देश में व्यापक असर डाला था। इस बार की भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 11 दिन रहकर 1,074 किलोमीटर का सफर तय करेगी।

सात सुरक्षा एजेंसियों ने लगाये अयोध्या में कैंप, कमांडो करेंगे मंदिर की निगरानी

- -प्राण प्रतिष्ठा के दिन चप्पे-चप्पे पर तैनात होंगे 30,000 पु?लिस के जवान

अयोध्या (एजेंसी)। रामलला मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान 30,000 पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। इसके लिए अयोध्या में सात सुरक्षा एजेंसियों ने अपना डेरा जमा लिया है। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सुरक्षा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की छठवीं वाहिनी को सौंपी गई है। ये जवान आतंकी खतरों से निपटने की क्षमता रखते हैं। यहां तीन इंस्पेक्टर, 55 उप निरीक्षक, 22 मुख्य आरक्षी और 194 आरक्षी लगाए गए हैं। 22 जनवरी को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। स्टेट एजेंसियों के अलावा केंद्र की एजेंसियों ने भी जिले में कैंप किया है। 15 टीमें विभिन्न इलाकों में छानबीन करने में जुटी हैं। वहीं, श्रीराम मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा कमांडो के हवाले किया गया है। रामनगरी में लगभग 30,000 जवान तैनात किए जा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में आईबी, एलआईयू, एटीएस, एसटीएफ, मिलिट्री इंटेलिजेंस समेत सात सुरक्षा एजेंसियों ने पीएम के आगमन से पूर्व ही कैंप किया है। खुफिया जानकारी जुटा रही टीमों में एक डिप्टी एसपी, एक निरीक्षक व छह-छह सिपाही लगे हैं। इन्हें मोबाइल ट्रैकिंग सिस्टम समेत तमाम आधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है।

अयोध्या में होने वाली तमाम संभावित गतिविधियों पर उनकी नजर है। फिदाइन हमले रोकने के लिए मंदिर के आसपास क्रैश रेटेड बोलार्ड लगाए जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों से आसपास के इलाकों की निगरानी होगी। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सुरक्षा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की छठवीं वाहिनी को सौंपी गई है। ये जवान आतंकी खतरों से निपटने की क्षमता रखते हैं। यहां तीन इंस्पेक्टर, 55 उप निरीक्षक, 22 मुख्य आरक्षी और 194 आरक्षी लगाए गए हैं। सुरक्षा बलों की कुल संख्या 294 है। इन्हें वॉच टावर के साथ सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है।

अयोध्या में स्क्रीन के जरिये पूरे एयरपोर्ट की सुरक्षा की सतत निगरानी शुरू कर दी गई। यूपीएसएसएफ के मीडिया प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि तैनाती के पहले जवानों को अपर पुलिस महानिदेशक एलवी एंटनी देव कुमार ने सुरक्षा के अहम बिंदु समझाए। इन्हें तीन माह का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। यूपी एटीएस से आधुनिक हथियारों को चलाने का और यूपीएसडीआरएफ से आपदा से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए पांच दिन का इंडक्शन कोर्स, 14 दिन का बेसिक कोर्स, पांच दिन का ऑन जॉब ट्रेनिंग, पांच दिवस का स्क्रीनर्स से संबंधित विशेष प्रशिक्षण भी मिला है।

एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि रामनगरी को सेक्टरों में बांटा गया है। इसके लिए लगभग 100 डिप्टी एसपी, 300 निरीक्षक, 800 उपनिरीक्षक व 4500 मुख्य आरक्षी/आरक्षी की मांग की गई है। 20 कंपनी पीएसी भी तैनात रहेगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। पुलिस के रडार पर रहने वाले लोगों को इस दौरान अयोध्या में घुसने नहीं दिया जाएगा। पुलिस ने मय फोटो इनका डाटाबेस तैयार कर लिया है। इनकी गतिविधियों पर अभी से नजर रखी जा रही है। श्रीराम मंदिर की सुरक्षा को पहले से अब और तगड़ी कर दी गई है।

ऊनी टोपी में स्टाइलिश दिखें

लोगों को लगता है कि सर्दी में स्टाइलिश वेस्टर्न ड्रेस या पारंपरिक पोशाक पर टोपी अच्छी नहीं लगेगी और लुक बिगड़ जाएगा। वह सर्दी से बचें या स्टाइल पर ध्यान दें, इस असमंजस में रहते हैं। आइए, जरा नजर डालते हैं इस पर-

ऊनी कैप- सर्दी में ऊन की कैप बहुत स्टाइलिश लगती है। कैजुअल आउटिंग के लिए ऊनी कैप पहन सकते हैं। ऊनी कैप में कई शेप मिल जाएंगे। ठंड से बचने के लिए हैट शेप की ऊनी कैप पहनकर बाहर निकल सकते हैं। फर वाली जैकेट के साथ इस तरह की कैप बहुत अच्छा लुक देती है। ओवर कोट के साथ भी लड़कियां कैप पहन सकती हैं। इस तरह की कैप में कई सारे रंगों का विकल्प भी मिल जाएगा।

स्कल कैप- अगर आपके बाल लंबे हैं और आप उन्हें खुले रखना चाहती हैं तो स्कल कैप आप पर बहुत अच्छी लगेगी। इस तरह की कैप बहुत मुलायम ऊन से तैयार होती है। ट्रेडिशनल कपड़ों जैसे कुर्ती पर आप स्कल कैप पहन सकती हैं। वहीं टी शर्ट पर भी इस तरह की कैप कूल लुक दे सकती है।

फ्रेंच कैप- स्टाइलिश दिखने के लिए आप फ्रेंच बेरेट कैप को कैरी कर सकते हैं। इस तरह की कैप स्टाइलिश लगती है। लड़कियां लैदर स्कर्ट, शॉर्ट ड्रेस या पैंट के साथ फ्रेंच कैप को पहन सकती हैं। खुले बालों में इस तरह की कैप अच्छी लगती है। यह कैप काफी सहज होती है। इसे पहनने से बाल भी खराब नहीं होते और सिर पर खुजली व चुभन भी नहीं होती।

कोसैक हैट- लड़के और लड़कियां दोनों ही सर्दी में कोसैट हैट से खुद को स्टाइल कर सकते हैं। यह फर से बनी कैप होती है, जिसका कपड़ा बहुत मुलायम और पहनने से सहज लगता है। इस तरह की कैप में आपको कई रंग और प्रिंट मिल जाएंगे। वेस्टर्न कपड़ों पर कोसैट कैप स्टाइलिश दिखती है।

बकेट हैट- सर्दी में किसी ट्रिप पर जा रहे हैं या दोस्तों संग हैंगआउट कर रहे हैं तो सर्द हवाओं से बचने के लिए बकेट हैट सहज दिखेगी। इस तरह की कैप किसी बकेट के आकार ही होती है, जिसकी गहराई काफी ज्यादा होती है। जींस व स्वेटर के साथ इसे पहनना बेहतर रहेगा। इसमें हवा बिल्कुल पास नहीं होती।

पंजाबी लुक से लोहड़ी पर दिखेंगी खूबसूरत

लोहड़ी का त्योहार विशेषकर पंजाब और हरियाणा में लोग काफी धूमधाम से मनाते हैं। नई फसलों को लेकर इस दिन पूजा होती है। सर्दी के मौसम में मनाए जाने वाले इस पर्व पर घर के बाहर किसी खुली जगह पर लोग आग जलाते हैं। आग के इर्द-गिर्द चक्कर लगाते हुए नाचते गाते हैं। इस मौके पर परिवार, रिश्तेदार, आस पड़ोस के लोग और दोस्त एकत्र होते हैं। सभी मिलकर पर्व को उत्साह से मनाते हैं। त्योहार को खास बनाने के लिए लोहड़ी के मौके पर सभी नए या सबसे सुंदर कपड़ों को पहनकर तैयार होते हैं। महिलाएं लोहड़ी के मौके पर सुंदर दिखने के लिए सजती संवरती हैं। ऐसे में स्टाइलिश और फैशनेबल कपड़े पहनने के साथ ही ट्रेंडी मेकअप अपनाती हैं। वहीं पूरी तरह से आकर्षक लुक लेने के लिए परिधान और मेकअप के साथ हेयरस्टाइल भी जरूरी है। ऐसे में अगर इस लोहड़ी के मौके पर पंजाबी लुक में तैयार हो रही हैं, तो ये आसान हेयर स्टाइल बना सकती हैं। यह रही लोहड़ी के लिए पंजाबी हेयरस्टाइल।

फ्रंट ब्रैड हेयर स्टाइल

लोहड़ी पर शरारा सेट या लहंगा व स्कर्ट पहन रही हैं और बालों को खुला रखना चाहती हैं तो फ्रंट ब्रैड हेयरस्टाइल बनाएं। इसमें आगे से बाल बंधे होते हैं और पीछे से खुला छोड़ा जाता है। पीछे के बालों को स्ट्रेट या कर्ल करके इस हेयरस्टाइल को अपना सकती हैं।

ब्रैड हेयर स्टाइल

सर्द हवाओं में बालों को बिखरने से रोकने के लिए बालों को बांधना चाहती हैं तो ब्रैड हेयर स्टाइल अपना सकती हैं। इसे बनाना भी आसान है। ब्रैड हेयर स्टाइल बनाने के लिए बालों को सॉफ्ट कर्ल करके ढीली चोटी बांध लें। चाहें तो खजूरी चोटी भी बना सकती हैं। पंजाबी सलवार सूट या प्लाजो सेट पर यह हेयरस्टाइल जचती है और चेहरा भी पूरी तरह से साफ दिखता है।

बीच वेब हेयर स्टाइल

पटियाला सलवार या पंजाबी सलवार सूट या लहंगे पर बीच वेब हेयरस्टाइल खूबसूरत लगता है। इसे बनाना भी आसान है। इस हेयरस्टाइल को बनाने के लिए बालों को सॉफ्ट कर्ल करें ताकि वेव लुक में बाल नजर आएं। फिर चाहें तो बालों को पूरी तरह से ओपर छोड़ सकते हैं या पीछे से हाफ टाई कर सकते हैं।

मैसी बन

साड़ी से लेकर पंजाबी सूट या शरारा सेट पर आप मैसी बन बनाकर पंजाबी लुक को पूरा कर सकती हैं। इस तरह की हेयर स्टाइल कैजुअल लुक देने के साथ ही लोहड़ी पर आकर्षक स्टाइल भी देगा।

ठंड में चेहरे पर लगाने के लिए बेस्ट क्रीम

ठंड जैसे-जैसे बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे हमारी त्वचा पर भी इसका असर दिखना शुरू हो जाता है। सर्द हवाओं से बचने के लिए तो हम ढेर सारे कपड़े पहन लेते हैं, लेकिन जब बात स्किन के मॉइस्चर की आती है, तो उसमें हम लापरवाही कर जाते हैं। इसका नतीजा ये होता है कि विंटर सीजन में त्वचा रूखी और बेजान दिखने लगती है। खासतौर से चेहरा, जो सबसे ज्यादा एक्सपोज्ड रहता है। हालांकि, अगर आप सही क्रीम्स लगाएं, तो सर्दी के त्वचा पर पड़ने वाले असर को कंट्रोल किया जा सकता है, जो आपके चेहरे को हमेशा खिला-खिला दिखाएगा।

आर्गन ऑयल- ऐसी क्रीम्स खरीदें, जिनमें आर्गन ऑयल हो। इस तेल में विटमिन-ए, ई, ओमेगा-6, एंटीऑक्सिडेंट्स जैसे कई पोषक तत्वों की भरमार होती है। यही वजह है कि इसे लिक्विड गोल्ड तक कहा जाता है। ऑर्गन ऑयल बेस्ड क्रीम्स, स्किन को डीप नरिशमेंट देते हुए, उसे सॉफ्ट एंड ग्लोइंग बनाती हैं। इससे ड्राईनेस और फ्लेकी स्किन की प्रॉब्लम भी दूर हो जाती है।

ग्लिसरीन- ग्लिसरीन में ह्यूमेकटेंट मॉइस्चराइजिंग प्रॉपर्टी है, यानी ऐसी खूबी जो स्किन की गहराई और हवा में मौजूद पानी को खींचकर त्वचा की ऊपरी परत पर ले आती है। ये मॉइस्चर को लॉक करते हुए कोमल

और दमकती त्वचा देती है। इसलिए ठंड में ऐसी क्रीम्स और लोशन खरीदें, जिनमें ग्लिसरीन मौजूद हों।

बादाम तेल- विटमिन-ई रिच बादाम तेल स्किन को हील करने के साथ ही उसे नैचरल ग्लो देने में मदद करता है। इस ऑयल बेस्ड की क्रीम्स सर्दी के कारण रूखी और बेजान हुई त्वचा में भी नई जान डाल देती हैं। इसके रेग्युलर इस्तेमाल से फ्लेकी स्किन की समस्या भी दूर हो जाती है।

हायलूरॉनिक एसिड- हायलूरॉनिक एसिड स्किन के मॉइस्चर को न सिर्फ लॉक करता है, बल्कि ये डीप नरिशमेंट देते हुए सपल एंड स्मूद लुक भी देता है। इतना ही नहीं ये स्किन एजिंग साइन्स को भी दूर रखने में मदद करता है। मार्केट में आपको आसानी से ऐसे फेस मॉइस्चराइजर मिल जाएंगे, जिनमें ये एसिड मौजूद है।

शिया बटर- अगर आपकी फेस क्रीम में शिया बटर है, तब तो आपको दिन में बार-बार चेहरे को मॉइस्चराइज करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें ऐसे तत्व होते हैं, जो लंबे समय तक स्किन को मॉइस्चराइज्ड रखते हैं। सर्द हवाएं भी त्वचा की इस नमी को नुकसान नहीं पहुंचा पाती हैं। यानी सुबह लगाई शिया बटर बेस्ड क्रीम से रात तक आपकी फेस स्किन सॉफ्ट बनी रहेगी।

गर्म पानी से स्किन और बालों को नुकसान

सर्दियां अब तेज होती जा रही हैं। ऐसे में गीजर का गर्म पानी अच्छा लगने लगा है। वाटर हीटर की डिमांड बढ़ गई है। तो क्या सर्दियों में गर्म पानी से नहाना सेहत के लिए अच्छा है? विशेषज्ञ बताते हैं कि हल्के गुनगुने पानी से नहाना ठीक है लेकिन तेज गर्म पानी से नहाना सेहत के लिए ठीक नहीं है। इससे हमारी स्किन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है।

आंखों को हो सकता है नुकसान

कई बार लोग गीजर का टेंपरेचर सेट नहीं करते। अगर यह हमारे शरीर के तापमान से काफी अधिक है तो इससे आंखों को भी नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे इंज्युरी को थर्मल इंज्युरी कहते हैं। यदि आंखें सीधे गर्म पानी के संपर्क में आती हैं तो इससे थर्मल नेक्रोसिस हो सकता है। गंभीर स्थिति में आंखों में अंधापन भी हो सकता है।

शरीर के तापमान के करीब हो पानी का टेंपरेचर

चूंकि विंटर में ठंड अधिक रहती है इसलिए दूसरे सीजन के मुकाबले नहाने के पानी का तापमान अधिक होना चाहिए। नहाने के पानी का तापमान वह होना चाहिए जो शरीर के तापमान के करीब हो। मनुष्य के शरीर का सामान्य तापमान 36 से 37 डिग्री सेल्सियस होता है। इसलिए विंटर में 40 से 45 डिग्री सेल्सियस टेंपेरेचर वाला पानी को हमारा शरीर एडजस्ट कर लेता है। अगर गर्म पानी का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक होता है तो वो आपकी सेहत को बिगाड़ सकता है। अगर पानी 60-70 डिग्री सेल्सियस तक गर्म होता है इससे आपकी स्किन और बालों को नुकसान पहुंच सकता है। काफी देर तक इतने गर्म पानी से नहाने पर सेहत बिगड़ सकती है।

लंबी दिखने के लिए हील्स पहनने की जरूरत नहीं

फुटवियर आपके लुक को पूरा करने के लिए जरूरी हैं। आउटफिट के साथ स्टाइल करते हुए फुटवियर को कैरी करने से लुक अधिक प्रभावशाली बन जाता है। वैसे तो फुटवियर में लड़कियों के पास कई विकल्प भी हैं। जैसे वह जूते, हील्स, मोजरी, बूट्स आदि अलग अलग तरह के फुटवियर को अपना सकती हैं। लेकिन कम हाइट वाली लड़कियां अक्सर लंबा दिखने के लिए हील्स को ही पहनती हैं। हील्स उनके लुक को स्टाइलिश बनाने के साथ ही कद भी लंबा दिखाने में मदद करती हैं। लेकिन हील्स हर मौके पर नहीं पहनी जा सकती है। कई मौकों पर हील्स लड़कियों के लिए असहज हो जाती है। हालांकि लंबे दिखने के लिए हील्स को हर वक्त कैरी करने की जरूरत नहीं हैं।

लंबे दिखने के लिए जरूरी नहीं कि आप हील्स या वैजस ही पहनें। फुटवियर से कद बढ़ाने के बजाए आप अपने आउटफिट के जरिए भी लंबी दिख सकती हैं। इसलिए कम हाइट वाली लड़कियां सलवार कमीज को स्टाइल कर सकती हैं।

रंग का ध्यान दें

अगर हाइट कम और वजन ज्यादा है तो काले रंग के आउटफिट को पहन सकते हैं। काले या गहरे रंग जैसे डार्क ब्लू, मरून रंग के फैब्रिक को चुनकर आप लंबी दिख सकती हैं।

फुल स्लीव्स

लंबा दिखने के लिए अपनी ड्रेस की स्लीव्स पर ध्यान दें। छोटे कद वाली लड़कियों को लॉन्ग स्लीव्स, सेमी स्लीव्स वाले कपड़े पहनने चाहिए। वहीं पफ स्लीव्स और फूली हुई स्लीव्स वाले कपड़े पहनने बचें।

सही प्रिंट का चयन

लंबे दिखने के लिए कपड़े के प्रिंट का भी गहरा असर होता है। बड़े या हॉरिजॉन्टल प्रिंट्स वाले कपड़े पहनने पर हाइट कम दिखती है। वहीं लंबा दिखने के लिए ऐसे आउटफिट पहने, जिस में लंबी धारी वाले प्रिंट हों। सूट पहन रहे हैं तो प्रिंटेड कुर्ता या कमीज के साथ साधारण प्लेन ट्राउजर या पैंट पहन सकती हैं।

कपड़े की लेंथ

लंबा दिखने के लिए कपड़े की लेंथ भी जरूरी है। छोटे कद की हैं तो कुर्ते की लेंथ घुटने से थोड़ा नीचे या काफ के मिडिल तक होनी चाहिए। बहुत ज्यादा कम लेंथ कम कद वाली लड़कियों पर भद्दा दिखता है। वहीं बहुत ज्यादा लॉन्ग लेंथ में कद छोटा दिखता है।

कॉउचर वीक में लग्जरी वेडिंग ड्रेस की झलक

सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर अर्शी सिंघल ने गुरुग्राम इंटरनेशनल कॉउचर वीक में अपने नए कलेक्शन मेम्फिस को पेश किया। इनके कलेक्शन में रफल्स, कर्टन्स, फ्लेयर्स और बहुत कुछ था। डिजाइनर अर्शी को न केवल इंडियन कल्चर से प्रेरित होते देखा है बल्कि उन्हें उनके वास्तविक और कंफर्टेबल कलेक्शन के लिए जाना जाता है। ड्रेस और बॉडी-हगिंग ड्रेप्स पर एम्ब्रोइडरी डिटेल्स डिजाइनर अर्शी को और स्पेशल बनाता है। शो में फैशन आइकॉन ऊर्फी जावेद शोस्टॉपर थी। इन्होंने लग्जरी वेडिंग ड्रेसेज के लिए डिजाइनर के चुने हुए कलेक्शन पहनकर सबका ध्यान

अपनी ओर खींचा। ऊर्फी जावेद ने शो में एक शानदार गाउन पहना, जिसमें सेक्विन एम्बेलिशमेंट चारों ओर लगे थे। ड्रेस की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस ड्रेस को पहनकर राजकुमारी के ड्रेस की तरह फील लिया जा सकता है। कलेक्शन में कई प्रकार के चमकीले और फैशनेबल रंगों में बॉल गाउन फ्लेयर्स शामिल थे। ब्राइड्समेड्स को ध्यान में रखते हुए, अर्शी ने वेस्टर्न सिलुएट्स और ड्रेप साड़ियों के साथ कुछ मॉडर्न एम्ब्रोइडरी भी डिजाइन की। यह सीरीज इंगेजमेंट से लेकर ब्राइड्समेड्स के साथ मिलना और शादी के मौसम के दौरान कॉकटेल और अन्य रस्मों के बारे में है।

जीआईसीडब्ल्यू में कलेक्शन को प्रदर्शित करने के बारे में बात करते हुए, अर्शी सिंघल ने कहा, शादी किसी व्यक्ति के जीवन में सबसे बड़ा दिन है। यह सिर्फ दो लोगों का उत्सव नहीं है, बल्कि हमारे क्राफ्ट का भी उत्सव है। मेरा कलेक्शन इंडो-वेस्टर्न डिजाइनों से भरपूर है, जो किसी भी अवसर के लिए उपयुक्त है। अर्शी सिंघल बिजनेस में एक जाना-पहचाना नाम और फैशन ब्रांड हैं। इन्होंने अक्टूबर 2021 में अपना ब्रांड लेबल बेयर एंड ब्लर शुरू किया, हालांकि बाद में इसे लेबल अर्शी सिंघल में बदल दिया गया।

आप भी अपने सफेद बालों को कर सकती हैं काला

आज के दौर में समय से पहले बालों का सफेद हो जाना एक आम समस्या है। अत्यधिक तनाव, चिंता, गलत खानपान, केमिकल्स का बालों पर उपयोग, सन एक्सपोजर और प्रदूषण ऐसे कई कारण है जो बालों के सफेद होने की वजह बनते हैं।

आमतौर पर बालों के सफेद होने पर लोग डाई या मेहंदी आदि का इस्तेमाल करके उसे काला करने की कोशिश करते हैं।

लेकिन बालों को काला करने का यह तरीका टेंपरेरी है और कुछ दिन बाद ही बाल फिर से सफेद नजर आने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसे तरीके अपनाएं, जिससे आपके बाल फिर से काले नजर आने लग जाएं।

करी पत्ते का करें इस्तेमाल

यह ना सिर्फ आपके बालों को फिर से काला बनाने में मदद करेगा, बल्कि ग्रोथ को भी बेहतर बनाएगा। इसके इस्तेमाल के लिए आप करी पत्ते का एक गुच्छा लें और उन्हें 2 टीस्पून आंवला पाउडर और 2 टीस्पून ब्राह्मी पाउडर के साथ पीस लें। इसे हेयर मास्क की तरह लगाएं, जिससे जड़ों को कवर किया जा सके। एक घंटे के लिए छोड़ दें और एक लाइट हर्बल शैम्पू के साथ बालों को वॉश करें।

नारियल का तेल

नारियल तेल और नींबू का रस एक साथ मिलाने से बालों को काला करने में मदद मिल सकती है। इन दोनों के संयोजन से एक रासायनिक प्रतिक्रिया होती है जो बालों को प्राकृतिक रूप से काला कर देती है। इसलिए आप नारियल तेल में नींबू का रस मिक्स करके इससे बालों व स्कैल्प की मसाज करें। वैसे अगर आप चाहें तो नींबू के रस में नारियल के तेल की जगह बादाम का तेल मिक्स करके भी लगा सकती हैं।

ब्लैक टी आएगा काम

एक कप पानी में 2 टेबलस्पून ब्लैक टी और एक टीस्पून नमक डालकर उबालें और इस पानी को ठंडा होने दें। जब यह ठंडा हो जाए तो इसे छानकर धुले हुए बालों पर इसे डालें और सूखने दें। नियमित रूप से इस नुस्खे को आजमाएं। ब्लैक टी में कैफीन होता है जो एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। बालों में प्राकृतिक रूप से गहरा रंग मिलाते हुए, बालों के विकास को उत्तेजित करता है और इसे चमक प्रदान करता है। इससे ना सिर्फ आपके बाल नेचुरली काले होंगे, बल्कि इससे उनमें एक चमक भी आएगी।

प्याज का रस

2-3 चम्मच प्याज का रस, 1 चम्मच नींबू का रस और 1 चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। इस मिश्रण से स्कैल्प और बालों में मालिश करें और आधे घंटे के बाद धो लें।

यह उपाय ना सिर्फ सफेद बालों से छुटकारा दिलाता है, बल्कि प्याज बालों के विकास को भी बढ़ावा देता है। यह एंजाइम, कैटलाज़ को बढ़ाता है, इस प्रकार बालों को काला करता है। जब नींबू के रस के साथ जोड़ा जाता है, तो यह बालों को चमक और बाउंस देता है।

साउथ में यश के साथ डेब्यू करेंगी करीना!

चैप्टर 2 के बाद से रॉकिंग स्टार यश की अगली फिल्म का इंतजार दर्शक बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही यश ने अपना अगला प्रोजेक्ट अनाउंस किया है जिसका टाइटल टॉक्सिक रखा गया है। ये भी उनकी पिछली फिल्म की तरह एक ग्रैंड फिल्म नजर आ रही है। आलोचकों से जमकर तारीफ पा चुकीं निर्देशक गीतू मोहनदास इस फिल्म को निर्देशित करने जा रही हैं। यश की फिल्म का आना अपने आप में बड़े पर्दे पर बड़े धमाके की गारंटी है और अब मीडिया में आए समाचारों की मानें तो टॉक्सिक की कास्ट और भी बड़ी होने जा रही है। इंडस्ट्री में ये चर्चा गर्म है कि बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में से एक करीना कपूर खान, यश के साथ टॉक्सिक में नजर आने वाली हैं। करीना ने 24 साल पहले रिफ्यूजी से फिल्मों में कदम रखा था। तब से अब तक वो पक्की बॉलीवुड एक्ट्रेस रही हैं और उन्होंने कभी साउथ की फिल्मों में काम नहीं किया है। बताया जा रहा है कि यश की टॉक्सिक के मेकर्स करीना को फिल्म में लेने के लिए बहुत उत्सुक हैं और इस बारे में करीना से डिस्कशन भी शुरू कर चुके हैं। अगर करीना ये फिल्म साइन करती हैं तो ये उनका साउथ डेब्यू भी होगा। बताया जा रहा है कि यश और टॉक्सिक के मेकर्स एक ऐसे नाम को फिल्म में लेना चाहते थे जो न सिर्फ इस प्रोजेक्ट को और बड़ा कर दे, बल्कि जिसके आने से फिल्म भी ज्यादा से ज्यादा ऑडियंस तक पहुंचे। इसीलिए करीना को अप्रोच किया गया है।

वेब सीरीज दस जून की रात मे नजर आएंगी प्रियंका चाहर चौधरी

बिग बॉस 16 की कंटेस्टेंट प्रियंका चाहर चौधरी दर्शकों की पसंदीदा सेलिब्रिटी में से एक हैं। बिग बॉस में आने के बाद प्रियंका को बड़ी सफलता मिली। उनके फैंस उनसे बेहद प्यार करते हैं। अभिनेत्री एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। प्रियंका इन दिनों अपनी पहले वेब सीरीज दस जून की रात के लिए तैयारी कर रही हैं। प्रियंका चाहर चौधरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने नए प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने अपनी नए वेब सीरीज दस जून की रात के क्लैपरबोर्ड की एक तस्वीर पोस्ट की है। प्रियंका चाहर ने इस खबर को अपने फैंस के साथ साझा किया है। उन्होंने पोस्ट साझा कर लिखा, तो चलिए इस कहानी की शुरुआत करते हैं, आप सभी के प्यार से चलो। इसके अलावा एकता कपूर ने भी अपने अगले प्रोडक्शन वेंचर के सेट से एक तस्वीर साझा की। प्रियंका चाहर चौधरी के साथ इस सीरीज में अभिनेता तुषार कपूर नजर आएंगे। क्लैपरबोर्ड की फोटो शेयर करते हुए एकता ने कैप्शन में प्रियंका, तुषार, जियो सिनेमा, बालाजी टेलीफिल्म्स को टेग कर लिखा, दस जून की रात! यह बेगिन्स। जय माता दी। जसवंद एंटरटेनमेंट के बैनर तले सचिन मोहिते द्वारा दस जून की रात का निर्माण किया जा रहा है। इसकी सह-निर्माता एकता कपूर हैं। यह पहली बार है जब प्रियंका और तुषार एक साथ स्क्रीन साझा करते हुए नजर आएंगे। यह वेब सीरीज जियो सिनेमा और एएलटी बालाजी पर रिलीज होगी। प्रियंका चाहर चौधरी और एकता कपूर के साथ में काम करने की चर्चा पिछले काफी वक्त से सुर्खियों में है। पहले कहा जा रहा था कि प्रियंका नागिन 7 में अहम किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। हालांकि, अब प्रियंका ने एकता कपूर के साथ अपने आगामी प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। इस खबर के बाद फैंस बेसब्री से उन्हें स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे हैं।

सुपरस्टार बनना चाहती हैं हर्षाली मल्होत्रा

साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म बजरंगी भाईजान में मुन्नी की भूमिका निभाने वाली बाल कलाकार हर्षाली मल्होत्रा अब 15 साल की हो गई हैं। बजरंगी भाईजान करने के बाद उन्हें बॉलीवुड, टॉलीवुड, गुजराती, पंजाबी, मराठी यहां तक कि भोजपुरी तक से 30-35 ऑफर आए। बजरंगी भाईजान करने के बाद हर्षाली ने सोचा नहीं था कि उनके पास इतने सारे ऑफर्स आएंगे। हालांकि हर्षाली ने इनमें से कोई भी ऑफर एक्सेप्ट नहीं किया। बातचीत में हर्षाली ने अपनी जिंदगी के कुछ मजेदार किस्से भी शेयर किए। उन्होंने ये भी कहा कि 10वीं की परीक्षा देने के बाद हर्षाली एक्टिंग पर फोकस करेंगी।

आपको बजरंगी भाईजान के बाद क्या ऑफर मिले?

मुझे बजरंगी भाईजान करने के बाद काफी ऑफर्स आए, लेकिन ये सब बचपन वाले रोल थे। कम लोगों को पता होगा कि मैं बजरंगी भाईजान करने से पहले प्रेम रतन धन पायो में स्वरा भास्कर के बचपन का रोल भी प्ले करने वाली थी। इसके लिए फोटो शूट भी हो चुका था। फिल्म की शूटिंग होनी रहती थी। इसी दौरान मैंने बजरंगी भाईजान साइन कर लिया और ये फिल्म उससे पहले शूट भी होने लग गई। सलमान खान बजरंगी भाईजान के अलावा प्रेम रतन धन पायो भी कर रहे थे। ऐसे में जब उन्हें पता चला कि मैं प्रेम रतन धन पायो कर रही हूं, तब वे कहने लगे कि मुन्नी का इतना बड़ा रोल प्ले करने के बाद तुम्हें प्रेम रतन... नहीं करनी चाहिए। उन्होंने सूरज बड़जात्या से कहकर रोल रिप्लेस करवा दिया। इसके बाद मुझे काफी रोल के लिए ऑफर आए, पर मुझे लगा कि ऐसे छोटे-छोटे रोल नहीं करने चाहिए। मैं हमेशा से सुपर स्टार एक्ट्रेस बनना चाहती हूं।

क्या सलमान खान से बात होती है? वे किस तरह का रोल करने की सलाह देते हैं?

मैं सलमान सर को ज्यादा डिस्टर्ब नहीं करती। उनसे ईद, दीवाली और बर्थडे के मौके पर ही बात होती है। डायरेक्टर कबीर सर से भी कभी-कभी बात होती है। मुझे 2022 में एक मूवी ऑफर हुई थी। उस दौरान सलमान सर से मिली थी क्योंकि मैं उनसे सलाह लेना चाहती थी। उन्होंने कहा कि तुम्हें प्रॉपर मेन लीड रोल ही करने चाहिए। यही वजह है कि बजरंगी भाईजान के बाद मैंने कोई छोटा रोल नहीं किया। हालांकि मुझे टेलीविजन से भी ऑफर्स आते हैं, पर मेरा मेन फोकस फिल्में ही हैं।

क्या आज भी लोग मुन्नी कहकर बुलाते हैं?

पहले तो सभी मुझे मुन्नी कहकर बुलाते थे। लेकिन अब जिनको मेरा नाम पता है, वे हर्षाली कहकर बुलाते हैं। हां, जिनको मेरा नाम नहीं पता है, वे आज भी मुन्नी कहकर बुलाते हैं। फिलहाल मुन्नी का रोल प्ले किए कई साल हो गए और अब मैं बड़ी भी हो गई हूं, इसलिए लोग सोच-सोचकर कहते हैं कि इसकी शक्ल बजरंगी भाईजान की मुन्नी से मिलती है। फिर उन्हें डिसक्लोज करते हैं कि ये वही है। ये सुनकर वे शाक्ड हो जाते हैं कि मुन्नी से मिल लिए। सच कहूं,तो आज भी वही प्यार मिलता है, जो प्यार फिल्म रिलीज के समय मिला करता था। यह कैरेक्टर न सिर्फ दर्शकों के लिए, बल्कि मेरे दिल के भी करीब रहेगा।

अभी आप कहां व्यस्त हैं?

अभी सिर्फ अपनी पढ़ाई और कथक पर ध्यान दे रही हूं। रोजाना स्कूल जाती हूं। मेरी मां स्कूल में टीचर्स से मेरी सिक्योरिटी पर ध्यान देने के लिए कहती हैं। पढ़ाई, होमवर्क पूरा ना करने पर नॉर्मल बच्चों की तरह ट्रीट करने के लिए बोलती हैं। मार्च, 2024 में 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने के बाद एक्टिविटीज शुरू करूंगी। जिम्नास्टिक और वेस्टर्न डांस पर भी दोबारा फोकस करूंगी, जो 10वीं की बोर्ड परीक्षा के चलते छूट गया है। अभी फैंस से कनेक्ट रहने के लिए रील बनाती हूं। ऑफर्स तो काफी आ रहे हैं, पर मार्च तक सबको होल्ड पर रखा है। एक बार मार्च में एग्जाम हो जाए, उसके बाद एक्टिंग पर फोकस करूंगी। मार्च से पहले लंबा डेट शेड्यूल देकर शूट करना संभव नहीं होगा, क्योंकि किसी बड़े प्रोजेक्ट के लिए ठीक तरह से टाइम देना पड़ता है।

दुल्हनिया 3 से नहीं हुई आलिया भट्ट की छुट्टी, करण जौहर ने किया इनकार

हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया की रिलीज के लगभग दस साल बाद इसका सीक्वल बद्रीनाथ की दुल्हनिया फिल्म रिलीज की गई थी। वहीं अब इसके छह साल के बाद करण जौहर इस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त लाने के लिए तैयार हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए गए कि दुल्हनिया 3 की कास्टिंग में बड़े बदलाव होंगे। कहा गया कि फिल्म में आलिया भट्ट की जगह वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर नजर आएंगी। लेकिन, इस तरह के दावों को करण जौहर ने खारिज कर दिया है। करण जौहर ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की इंस्टा स्टोरी पर एक मैसेज लिखा है। इसमें उन्होंने मीडिया से कोई अनुमान न लगाने की गुजारिश की है। बीते दिनों खबर आई थी कि जान्हवी कपूर इस मशहूर फ्रेंचाइजी में आलिया भट्ट की जगह लेकर वरुण के साथ नजर आएंगी। आलिया के ये फिल्म छोड़ने की वजह साफ नहीं थी, लेकिन ऐसा कहा गया कि ज्यादा फिल्मों में व्यस्त होने के चलते उन्होंने दुल्हनिया 3 करने से इनकार कर दिया है। मेकर्स फिल्म में देरी नहीं करना चाहते और आलिया के व्यस्त रहने के चलते उन्होंने जान्हवी कपूर को अप्रोच किया। आज करण जौहर ने इस सभी कयासों का खंडन कर दिया है। करण जौहर ने लिखा है, हर सुबह मैं ऐसी खबरें देखता हूं, जिनकी धर्मा प्रोडक्शंस की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया के सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया किसी फ्रेंचाइजी की निरंतरता या किसी की शुरुआत के बारे में अनुमान न लगाएं। करण जौहर ने कहा कि वह फिल्म को लेकर योजना तय होने के बाद खुद इससे जुड़ी जानकारी लोगों से साझा करेंगे।

प्रभास से पहली बार सेट पर मिले पृथ्वीराज सुकुमारन

सलार देखने को बाद प्रभास के बाद जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा है, वो नाम है पृथ्वीराज सुकुमारन। फिल्म में उन्होंने प्रभास के दोस्त वर्धा का किरदार निभाया है। पृथ्वीराज ने बताया कि फिल्म देखने के बाद उनके पास सैकड़ों कॉल्स और मैसेजेस आ रहे हैं। पृथ्वीराज ने अपनी और प्रभास के बीच केमेस्ट्री पर भी बात की। पृथ्वीराज ने कहा कि प्रभास जल्दी किसी के साथ घुलते-मिलते नहीं हैं, लेकिन उनके साथ पांच मिनट में गहरी दोस्ती हो गई थी। पृथ्वीराज ने एक्टर बनने के बारे में नहीं सोचा था। वो ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई करते थे। छुट्टियां मनाने घर आए तो एक फिल्म ऑफर हुई। फिल्म इतनी बड़ी हिट हुई कि उन्होंने दोबारा ऑस्ट्रेलिया जाने का ख्याल छोड़ दिया।

अलग-अलग इंडस्ट्री से लोगों के कॉल्स आ रहे हैं

पृथ्वीराज सुकुमारन ने कहा- अब तक मैंने जितनी फिल्मों में काम किया है, उसमें सलार सबसे बड़ी है। इस फिल्म को लेकर जो माहौल बना है, वो अद्भुत है। मेरे पास कई कॉल्स आ रहे हैं। अलग-अलग इंडस्ट्री से लोग मेरे पास मैसेजेस भेज रहे हैं। पांचों भाषाओं में फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। प्रशांत नील ने कमाल की राइटिंग की है। उन्होंने हम दोनों (प्रभास और पृथ्वीराज) का रोल ऐसा लिखा है, जिससे सबको एक समान स्क्रीन टाइम मिले। प्रभास के बारे में बात करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारन ने कहा- प्रभास एक ऐसे इंसान हैं जो जल्दी किसी के साथ घुलते नहीं हैं। मेरी पहली मुलाकात उनसे सलार के सेट पर ही हुई थी। पांच मिनट के अंदर हमारे बीच अच्छी दोस्ती हो गई। ऐसा लगा कि हम लोग एक दूसरे को कितने दिनों से जानते हैं। हमारे बीच जो केमेस्ट्री बनी वो पर्दे पर भी बखूबी दिखाई दी। प्रभास देश के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं। इसके बावजूद उन्होंने अपने आस-पास मौजूद सभी को लोगों को कंफर्टेबल फील कराया।

चार महीने में पूरी हो गई थी सिंघम की शूटिंग, रोहित ने टीम को दिया श्रेय

फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी अपनी आगामी सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस सीरीज से निर्माता अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रहे हैं। इसके अलावा रोहित, अजय देवगन के साथ अपनी सिंघम फ्रेंचाइजी को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में, रोहित शेट्टी ने एक इंटरव्यू में साल 2011 में आई फिल्म सिंघम में काम करने को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म की शूटिंग को साढ़े चार महीने में पूरा किया गया, जिसका श्रेय मेहनती टीम को दिया।

भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के साथ बातचीत में रोहित ने बताया कि उन्होंने फिल्म के अंत में बाय रोहित शेट्टी एंड टीम का इस्तेमाल क्यों किया? उन्होंने कहा, सिंघम में मैंने और मेरी टीम ने मिलकर काम किया था। इस फिल्म को पूरी करने के लिए हम एक दिन में 20 घंटे काम करते थे। मैंने अपनी टीम के साथ मिलकर इस फिल्म को चार महीने में पूरा किया। यह अकेले मेरी वजह से नहीं हुआ इसलिए मुझे लगा कि उन्हें श्रेय देना जरूरी है।

रवि तेजा की ईगल को मिली नई रिलीज डेट

तेलुगु अभिनेता रवि तेजा अपनी आगामी फिल्म ईगल को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेता इस फिल्म में एक्शन अवतार में नजर आएंगे। वहीं, पिछले दिनों मेकर्स ने एक्शन थ्रिलर फिल्म ईगल का टीजर जारी का दिया था। बता दें कि सिनेमैटोग्राफर से निर्देशक बने कार्तिक घट्टमनेनि द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक जासूसी एक्शन फिल्म है। रवि तेजा इस फिल्म में अपने एक्शन अंदाज से दमखम दिखाएंगे। अब मेकर्स ने फिल्म के नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। इस साल मकर संक्रांति, पोंगल बस कुछ ही दिन दूर है और त्योहारी सीजन में कई फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इससे पहले, रवि तेजा स्टारर ईगल भी संक्रांति के दिन सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे स्थगित कर दिया गया। अब, निर्माताओं ने खुद घोषणा की है कि ईगल 9 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, क्योंकि कई लोकप्रिय फिल्में भी उसी पूर्व तारीख के साथ रिलीज हो रही हैं।

फिल्म के स्थगित होने की घोषणा करते हुए, निर्माताओं ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि निर्माता फिल्म को ऐसे समय में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं, जब सिनेमाघरों में भारी भीड़ जमा होगी। मेकर्स की प्लानिंग के अनुसार इसे तब रिलीज किया जाएगा, जब फिल्म को दर्शकों द्वारा सबसे अधिक सराहा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि निर्देशक और रचनात्मक कर्मचारियों के काम की पूरे दिल से सराहना की जानी चाहिए और स्थगन उसी के लिए प्रभावी होगा।

अगले सप्ताह संक्रांति और पोंगल त्योहार आ रहे हैं और तेलुगु और तमिल दोनों क्षेत्रों में कई फिल्में रिलीज होंगी।

राममय हो रहा नोएडा, धूमधाम से निकाली गई श्रीराम यात्रा

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में होने वाले श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। यूपी के नोएडा में भी राममय वातावरण बनना शुरू हो गया है। प्रभु श्रीराम के भक्त भक्ति में झूम रहे हैं। नोएडा के सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में धूमधाम से श्रीराम यात्रा निकाली गई। श्रीराम यात्रा के पश्चात अयोध्या से आए पूजित अक्षत का लोगों में वितरण किया गया।

सोच फाउंडेशन की ट्रस्टी वंदना गुप्ता ने बताया कि श्रीराम यात्रा में बड़ी संख्या में सोसाइटी वासियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सभी को अपने घरों में 5 दिए जलाने का संकल्प भी दिलाया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशभर में आगामी 22 जनवरी को दीपावली जैसा भव्य त्यौहार मनाने का आह्वान किया है। इसलिए सभी को आगामी 22 जनवरी को अपने घरों में 5 दिए जलाकर हर्ष और उल्लास से इस उत्सव में भाग लेना चाहिए।

राम यात्रा में वंदना गुप्ता के अलावा गौरव छिब्बर, आलोक गुप्ता, पुनीत, सीमा, ओम प्रकाश, अभिनय, भावना, वैभव, कीर्ति छिब्बर, अंबिका, मनाली, रामजीलाल गुप्ता, वेद मेहता सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

हर कार्यकर्ता 50 लोगों को नमो ऐप डाउनलोड कराएं : कांता कर्दम

नोएडा (चेतना मंच)। भाजपा ज़िला कार्यालय पर नोएडा भाजपा की अति महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में राज्य सभा सांसद एवं नोएडा की प्रभारी श्रीमती कांता कर्दम और ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता रहे।

बैठक में राज्य सभा सांसद ने नये वोटर बनने के कार्य की भी समीक्षा की और सभी का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से नोएडा में 90 हज़ार से ज़्यादा वोट अभी तक बढ़े हैं। इसके साथ उन्होंने सभी को नमों ऐप को डाउनलोड करने के लिए भी आग्रह किया और सभी कार्यकर्ताओं से व्रत लिए की वो अपने आस पास 50 लोगो के फ़ोन में नमों ऐप डाउनलोड करायेंगे।बैठक में अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने की। उन्होंने भी सभी मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया।

राम मंदिर निर्माण के चलते उन्होंने बताया कि 14 से 22 जनवरी तक नोएडा के सभी मंदिरों की सफ़ाई कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा जिसके लिये सभी बड़े मंदिरों को चिन्हित किया गया है और वहाँ पर साज सजा का कार्यक्रम भी किया जाएगा साथ ही 22 को अयोध्या का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल, क्षत्रिय मंत्री बीजेंद्र नागर, पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी, राकेश शर्मा, लोकसभा विस्तारक सुखपाल जी, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरजा सिंह , मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, गिरीश कोटनाला, महेश अवना, विनोद शर्मा, सुचित्रा कक्कड़, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, मंत्री एस पी चमोली, प्रमोद बेहाल, चमन आवाना, मनोज चौहान, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़, कल्लू सिंह, लोकेश कश्यप, पंकज झा, निर्मल सिंह, रवि प्रधान, प्रदीप चौहान, सत्य नारायण महावर, उमेश यादव, शारदा चतुर्वेदी, ओमवीर अवाना, डॉ प्रसेनजित मैत्रा, राम निवास यादव, प्रवेश चौहान, अहसान, ख़ान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हत्या के आरोप में तीन ईरानी महिलाएं गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच) नोएडा में अपने परिवार के साथ रह रही ईरानी महिला को चाकू मारकर मौत के घाट उतारने के मामले में बड़ा ही दिलचस्प मोड़ आया है। नोएडा पुलिस ने ईरानी महिला की हत्या के मामले में कुल 7 विदेशी नागरिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी, जिनमें से तीन महिलाओं समेत चार हत्यारोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। हत्यारोपी भी ईरान के ही रहने वाले हैं और फिलहाल नोएडा में किराये के मकान में रह रहे थे।

आपको बता दें कि शनिवार को नोएडा के सेक्टर 113 थाना क्षेत्र के सेक्टर 116 में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रही ईरानी महिला जीनत की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना सेक्टर 113 पुलिस ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते महिला की हत्या की गई थी। इस मामले में जीनत के परिजनों की ओर से सात लोगों को नामजद करते हुए ?थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद नोएडा की थाना सेक्टर 113 पुलिस नामजद सात लोगों में से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

7 जनवरी को थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान मृतका जीनत परिजनों की निशानदेही पर जीनत की हत्या के मामले में वांछित फरसीद हामिदानी पुत्र असलम हामिदानी उर्फ नसीर, जारा बोडागीजादधे पत्नी असलम हामिदानी उर्फ नसीर, जरीनाज रहिमीपूर पत्नी अली बोडागीजाधे उर्फ वाहिद तथा जीनत अहमादी पत्नी दाउद बोडागीजाधे को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी मूल रुप से ईरान के ही रहने वाले हैं और फिलहाल नोएडा के अलग अलग सेक्टरों में रह रहे थे। हत्यारोपी जारा बोडागीजादधे पत्नी असलम हामिदानी उर्फ नसीर की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू को रूच- 200 सेक्टर 116 नोएडा से बरामद कर लिया है।

पत्नी ने हथौड़ी मारकर पति को मौत के घाट उतारा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। पति और पत्नी के पवित्र रिश्ते और भरोसे के बीच जब एक छोटा सा शक पैदा हो जाता है तो हंसते खेलता परिवार मिनटों में बिखर जाता है। ऐसा ही कुछ ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गांव रोजा जलालपुर में हुआ। यहां पर एक महिला को अपने पति के चरित्र पर शक हुआ। जिसके बाद दोनों थोड़ी सी बहस हुई। इस बहस के दौरान पति ने एक छोटी सी बात कह दी, जिसे सुनकर पत्नी ने अपने पति के सिर में हथौडी से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट आने की वजह से शख्स की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज करके हत्यारोपी पत्नी को जेल भेज दिया है।

ग्रेटर नोएडा की बिसरख पुलिस के अनुसार, मूल रूप से हमीरपुर के गांव माचा के रहने वाले कामता राजमिस्त्री था। वह रोजा जलालपुर गांव में पत्नी पार्वती के साथ किराये पर रहता था। रविवार, 7 जनवरी की सुबह कामता की अपनी पत्नी पार्वती के साथ कहासुनी हो गई। कहासुनी की वजह पति के चरित्र पर शक होना था।

बताया जाता है कि पार्वती ने अपने पति कामता से कहा कि तुम्हारे किसी और महिला के साथ संबंध है। यह बात कामता को नागवार गुजरी और उसने पार्वती से कहा कि अपने काम से काम रखो ज्यादा दिमाग पर मत चलाओ। यह सुनते ही पार्वती आग बबूला हो गई और अपने पति कामता पर हथौड़ी से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से कामता गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने कामता को मृत घोषित कर दिया। कामता के परिजनों की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी पत्नी पार्वती को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

बकाया का 25 प्रतिशत जमा करने पर ही ग्रेटर नोएडा के बिल्डरों को मिलेगी राहत

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मौजूदगी में रविवार को सभी ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं के प्रतिनिधियों के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दफ्तर में बैठक की। बैठक में औद्योगिक विकास आयुक्त ने उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से हाल में ही लागू किए गए 'अमिताभ कांत समिति' की सिफारिशों के बारे में बिल्डर प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

बैठक में बताया गया कि डिफॉल्टर ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं के बिल्डर को कोविड-19 महामारी के कारण 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक ब्याज और जुर्माने से राहत दी गई है। डिफॉल्ट प्रोजेक्ट के बिल्डरों को प्राधिकरण में कुल बकाया का 25 प्रतिशत धनराशि जमा करना होगा। उन्होंने जीरो पीरियड, टाइम एक्सटेंशन के निर्णय का लाभ अधिक से अधिक प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए फायदा उठाने, बन चुके फ्लैटों की जल्द रजिस्ट्री कराने, रुके हुए प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा कराने के लिए निर्देश दिए। इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिए। इस बैठक में एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, महाप्रबंधक नियोजन लीनू सहगल आदि अधिकारी गण मौजूद रहे।

बिल्ली को ढूंढकर लाओ, एक लाख का ईनाम पाओ

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा की एक दंपत्ति इस समय बेहद परेशान है। दंपत्ति की परेशानी की वजह उनकी पालतु बिल्ली है। दरअसल, दंपत्ति की पालतु पर्शियन नस्ल की पालतु बिल्ली करीब पंद्रह दिनों से लापता है। इस पालतु बिल्ली को ढूंढकर लाने वाले व्यक्ति के लिए एक लाख रूपये के नकद ईनाम की घोषणा की गई है।

आपको बता दें कि नोएडा के सेक्टर-62 स्थित हारमोनी अपार्टमेंट निवासी अजय कुमार अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपनी पार्शियन बिल्ली को ढूंढने के लिए इस सेक्टरों में घूम रहे हैं। रविवार को अजय कुमार ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपनी पार्शियन बिल्ली 'चीकू' की तलाश के लिए कई जगह पोस्टर चस्पा किए हैं। दंपत्ति ने बाकायदा पंफलेट भी वितरित किए हैं। नोएडा के सेक्टर 62 के टॉट मॉल और आसपास के इलाकों में लगाए गए पोस्टर खासी चर्चा का विषय बने हुए हैं।

अजय कुमार ने पार्शियन नस्ल की बिल्ली 'चीकू' को ढूंढकर लाने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। अजय कुमार ने बताया कि कि करीब डेढ़ वर्ष की उनकी बिल्ली का नाम चीकू हैं। उनके एक खास दोस्त ने उन्हें उपहार में हल्के भूरे और सफेद रंग की चीकू बिल्ली दी थी, जो करीब पंद्रह दिन पहले अचानक से गुम हो गई। उन्होंने उसे काफी तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। अभी तक उन्हें चीकू की कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने सेक्टर-62 में कई स्थानों पर चीकू बिल्ली की तस्वीर के साथ अपना मोबाइल नंबर लिखे इश्तेदार को चस्पा किया, ताकि चीकू उन्हें दोबारा मिल जाए।

पर्शियन नस्ल की बिल्ली आमतौर पर बेहद शांत स्वभाव है। वह उनके परिवार के सदस्य की तरह थी, जिसे पति-पत्नी दोनों खूब प्यार देते थे। उन्होंने सेक्टर-62 में अपने सोसाइटी के आसपास उसकी काफी तलाश की। पता नहीं चलने पर उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया ग्रुप में साझा की। इसके बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर उन्होंने पुलिस में भी गुमशुदगी की शिकायत दी है।

दो दिवसीय ओपन टूर्नामेंट आयोजित

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा टेबल टेनिस अकादमी ने बोधि तरु इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय ओपन टूर्नामेंट का आयोजन किया। टेबल टेनिस ओपन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत हासिल की।

दो दिवसीय ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन खिलाड़ियों ने अंडर 11, 13 , 15 तथा अंडर 17 श्रेणी में हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन मेन्स ओपन सिंगल्स और डबल्स मैच हुए। इन मैच में खिलाड़ियों के बीच कांटे का मुकाबला हुआ।

मेन्स सिंगल मैच में आशीष तिवारी तथा मेन डबल्स मैच में आशु और शिवम ने अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत हासिल की। अंडर 11 मुकाबले में सानवी बंसल, अंडर 13 तथा 15 में धृत्यमान पांडेय ने जीत हासिल की।

बोधी तरु इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन के एम पांडेय ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए। उन्होंने खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!



Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com